संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

12 जुलाई 2025, शनिवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 07, अंक - 272

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

झारखंड के छह जिलों में 13 को होगी भारी बारिश, येलो अलर्ट

रांची । राज्य के छह जिलों में 13 जुलाई को भारी बारिश होने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के जिन जिलों में भारी बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया है उनमें दक्षिणी-पश्चिमी जिले पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, कोडरमा और लोहरदगा शामिल है।

सावन के पहले दिन बाबा मंदिर व बासुकिनाथ में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

बाबा बैद्यनाथधाम में 1 लाख 27 हजार व बाबा बासुकीनाथ पर 39 हजार कांवरियों ने किया जलाभिषेक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। विश्वप्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला 2025 के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा बैद्यनाथधाम में जलार्पण हेतु कांवरियों की कतार बीएड कॉलेज तक पहुँच गई। श्रद्धालुओं ने गंगाजल के साथ बाबा पर जल चढ़ाने को लेकर गहरी आस्था प्रकट की। बाबा मंदिर में जलार्पण का शुभारंभ आज अहले सुबह 04ः14 बजे हुआ। दिनभर चली जलार्पण प्रक्रिया में कुल 1,27,598 श्रद्धालुओं ने बाबा को जल अर्पित किया। इनमें से 34,684 श्रद्धालुओं ने बाह्य अर्घा, 89,765 ने आंतरिक अर्घा तथा 3149 श्रद्धालुओं ने शीघ्र दर्शनम प्रणाली के माध्यम से जलार्पण किया। श्रावणी मेला के पहले

ही दिन उमड़ी अपार भीड़ से प्रशासन सतर्क नजर आया। सुरक्षा, सफाई और दर्शन व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक अमला मुस्तैद दिखा। भीड़ के संचालन हेतु बैरिकेडिंग, मेडिकल सहायता, पेयजल व शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त रही। बाबा बैद्यनाथ की नगरी हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान होती रही।

दुमका । श्रावणी मेला के पहले दिन शाम 4 बजे तक 38925 श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण किया।रुट लाइन से 34690,शीघ्र दर्शनम से 1950 एवं जलार्पण काउंटर से 2285 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया।शीघ्र दर्शनम से 5,85,000 रुपये,गोलक से 2,57,400 रुपये एवं गोलक से चांदी 2350 ग्राम प्राप्त हुए।

एक राष्ट्र, एक चुनाव में कई धाराएं अस्पष्ट, इन्हें संसद को स्पष्ट करना होगा : चंद्रचूड़

पूर्व मुख्य न्यायाधीशों ने समिति के समक्ष रखा अपना पक्ष

एजेंसी

नई दिल्ली । संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की आज संसद भवन एनेक्सी में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव पर विस्तृत विचार-विमर्श के लिए बैठक हुई। पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेएस खेहर और न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने आज इसपर कानूनी और संवैधानिक विषयों पर अपना पक्ष रखा।

सूत्रों के मुताबिक संसद की संयुक्त समिति की बंद कमरे में हुई अहम बैठक में पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.

चंद्रचूड़ ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक में गंभीर संवैधानिक खामियों की ओर इशारा किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विधेयक संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन नहीं करता, लेकिन कई धाराएं अस्पष्ट हैं और इन्हें संसद को स्पष्ट करना होगा। उनके साथ पूर्व मुख्य न्यायाधीश जे.एस. खेहर ने भी ऐसे बिंदुओं पर प्रकाश डाला। दोनों ने बिल की वैधानिकता को सिद्ध किया, लेकिन स्पष्ट भाषा और सुरक्षा उपायों की सिफारिश की। समिति में विभिन्न दलों के 38 सांसद मौजूद थे।

समिति के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि सभी सदस्य दलगत भावना से ऊपर उठकर इस मुद्दे पर विचार कर रहे हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीशों की उपस्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य एक संतुलित और प्रभावी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक का मसौदा तैयार करना है। इसीलिए हमने ऐसे सम्मानित कानूनी विशेषज्ञों को आमंत्रित किया है जो निष्पक्ष रहें और केवल कानून के प्रति प्रतिबद्ध हों। समिति अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देने से पहले सभी संवैधानिक और प्रशासनिक पहलुओं पर विचार कर रही है।

चौधरी ने कहा कि जनता की राय, प्रशासनिक प्रतिक्रिया और संवैधानिक सलाह-सब कुछ ध्यान में रखा जा रहा है। यह प्रक्रिया राजनीति से ऊपर है और हमारी रिपोर्ट राष्ट्रीय हित में तैयार की जाएगी। समिति अपना परामर्श जारी रखे हुए है और आने वाले महीनों में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने की उम्मीद है।

ओडिशा-छत्तीसगढ़ में एक ही नाम दिखाई देता अडानी, क्या अडानी सरकार चलाते हैं : राहुल

एजेंसी

भुवनेश्वर । कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि ओडिशा सरकार अडानी चलाते हैं, उनके लिए जगन्नाथ के रथ रोके गए। साथ ही उन्होंने कहा कि गरीबों, दलितों को सरकार में जगह नहीं मिलती है। इसलिए सबसे पहला काम जातीय जनगणना है। इससे गरीबों, दलितों को अपनी ताकत समझ आएगी।

राहुल गांधी ने कहा ओडिशा हो या छत्तीसगढ़, सिर्फ एक ही नाम दिखाई देता है। अडानी.. अडानी.. अडानी... मतलब अडानी ओडिशा की सरकार चलाते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी को चलाते हैं। जब ओडिशा में जगन्नाथ रथ यात्रा निकलती है, तो

लाखों लोग रथ के पीछे चलते हैं। फिर एक ड्रामा होता है और यात्रा के रथ को अडानी और उनके परिवार के लिए रोका जाता है। ये ओडिशा की सरकार नहीं है- अडानी जैसे कुछ अरबपतियों की सरकार है।

उन्होंने कहा में आपसे पूछना चाहता हूं कि सरकार ने ओडिशा के युवाओं को कितना रोजगार दिया? ये जो बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज आती हैं, वो आपकी जमीन ले जाती हैं, आपका धन, आपकी प्राकृतिक दौलत ले जाती हैं, लेकिन ये आपके कितने लोगों को रोजगार देती हैं? ये पहले आपके छोटे बिजनेस, छोटी कंपनियों और स्मॉल-मीडियम बिजनेस को खत्म करती हैं और फिर आपकी जमीन, आपका धन, आपका जंगल सब ले जाती हैं।

देश में विकास 2-3 फीसदी लोगों के लिए या 2-3 अरबपतियों के लिए नहीं किया जाता है। विकास ओडिशा की जनता के लिए, गरीब के लिए, किसानों के लिए किया जाना चाहिए। यहां की सरकार 24 घंटे आपका धन, आपका जंगल और आपकी जमीन आपसे छीनती है। सही मुआवजा नहीं देती, आपको डराती-धमकाती है। हमारे आदिवासी भाई, किसान, मजदूर...जिन पर भी सरकार आक्रमण कर रही है, जिनके खिलाफ भी अत्याचार हो रहा है-

छांगुर बाबा को मुस्लिम देशों से हुई 500 करोड़ की फंडिंग, हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण करने के लिए

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की एंटी टेरर स्क्वॉड (एटीएस) ने शुक्रवार को सनसनीखेज खुलासा किया है। एटीएस ने बताया कि

जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को बीते तीन सालों में करीब 500 करोड़ का विदेशी फंड प्राप्त हुआ। इसमें से 200 करोड़ की रकम आधिकारिक बैंकिंग माध्यमों से भारत पहुंची, जबकि 300 करोड़ अवैध हवाला चैनलों के माध्यम से नेपाल से भारत लाए गए। ये पैसे मुस्लिम देशों से आया। भारत में धर्मांतरण करवाने के इरादे से ये पैसे छांगुर बाबा को भेजा गया।

एटीएस की जांच में सामने आया है कि काठमांडू, नवलपरासी, रूपनदेही और बांके जैसे सीमावर्ती जिलों में 100 से अधिक बैंक खाते खुले, जिसमें पैसे जमा किए गए। ये फंड पाकिस्तान, दुबई, सऊदी अरब और तुर्की जैसे मुस्लिम बहुल देशों से आए थे।

पुलिस पेट्रोलिंग के लिए राज्य सरकार खरीदेगी 1255 चार पहिया और 1697 दो पहिया वाहन

डीए में 6 फीसदी बढ़ोत्तरी, एक अगस्त से मॉनसून सत्र होगा शुरू

- डॉ स्नेहा सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी, नाला, जामताड़ा को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति
- साहेबगंज करमाटांड (मोहनपुर-करमाटांड आरसीडी पथ पर) से गुरल पथ 12.706 किमी के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण के लिए 121 करोड 74 लाख 19 हजार 300 रुपये की स्वीकृति

कैबिनेट का फैसला

संवाददाता

रांची । राज्य के विभिन्न थानों में पुलिस की पेट्रोलिंग को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार 1255 चार पहिया और 1697 दो पहिया वाहनों की खरीदारी करेगी। इसके साथ कई अहम निर्णय शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में लिए गए। इसके साथ ही षष्टम विधानसभा का तृतीय मॉनसून सत्र एक अगस्त से सात अगस्त तक आहूत किया जाएगा। मॉनसून सत्र में कुल पांच कार्यदिवस होंगे। इसकी स्वीकृति पर भी कैबिनेट ने मुहर लगायी। कैबिनेट में लिए गए फैसले की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने कुल 27 प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। इन पुलिस वाहनों की खरीदारी पर कुल 146 करोड़ 79 लाख 63 हजार 849 रुपये की खर्च की जाएगी। चार पहिया वाहनों में महिंद्रा बोलेरो, जबकि दो पहिया वाहनों में टीवीएस अपाचे बाइकी की खरीदारी की जाएगी। एक महिंद्रा बोलेरो की खरीदारी पर नौ लाख 59 हजार और एक टीवीएस अपाचे की खरीद पर एक लाख 14 हजार 563 रुपये की लागत आएगी। ये वाहन दो वित्तीय वर्षों में खरीदे जाएंगे। कैबिनेट सचिव ने बताया कि वाहनों की खरीद का फैसला थानों में पूर्व से उपलब्ध वाहनों के जर्जर होने पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व से मौजूद 1079 चार पहिया और 1133 दो पहिया वाहन रद्द करने के योग्य हैं। कैबिनेट ने राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों एवं पांचवां वेतनमान पानेवाले कर्मियों के महंगाई भत्ता में वृद्धि करने पर सहमति दी। इन्हें अब पूर्व के 246 प्रतिशत की जगह अब 252 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा।

- झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों पर वर्त्तमान आवश्यकतानुसार पदों के प्रत्यर्पण की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड उत्पाद (झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली के तहत उत्पाद दुकानों का संचालन शुरू होने तक दैनिक पारिश्रमिक पर मानव बल की सेवा खुदरा उत्पाद दुकानों के संचालन के लिए होगी। इसकी घटनोत्तकर स्वीकृति दी गई।
- पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो के एमजीएम अस्पताल, चेन्नई में हुए लंग्सा ट्रांसप्लांट पर 44 लाख 83 हजार 670 रुपए के भुगतान की स्वीकृति दी गई।

राष्ट्रपति 31 जुलाई को आएंगी झारखंड, देवघर एम्स के दीक्षांत समारोह में होगी शामिल

संवाददाता

रांची । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई को झारखंड दौरे पर आएंगी। राष्ट्रपति भवन से राज्य सरकार को भेजी गई सूचना के अनुसार, वह एक अगस्त को बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी और उसके बाद देवघर एम्स के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। समारोह में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति अपने गंतव्य स्थान के

लिए प्रस्थान कर जाएंगी।राष्ट्रपति के दौरे को लेकर देवघर में सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।राष्ट्रपति के देवघर दौरे के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का झारखंड से विशेष जुड़ाव रहा है। वह पहले झारखंड की राज्यपाल रह चुकी हैं और उनके झारखंड दौरे को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

आलमगीर आलम को हाईकोर्ट से नहीं मिली जमानत

संवाददाता

रांची । झारखंड उच्च न्यायलय ने टेंडर घोटाला के जरिए करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका खारिज कर दी है। उच्च न्यायलय के आदेश से आलमगीर आलम को बड़ा झटका लगा है।

दरअसल 26 जून को ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में सुनवाई हुई। आलमगीर आलम को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष अदालत ने बेल देने से इंकार करते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायलय में जमानत के लिए गुहार लगाई गई थी।

एपीपी नियुक्ति में उम्र सीमा पर हाईकोर्ट से 11 अभ्यर्थियों को मिली राहत

संवाददाता

रांची । झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने सहायक लोक अभियोजक (एपीपी) नियुक्ति प्रक्रिया में उम्र सीमा में छूट देने से जुड़े मामले में 11 अभ्यर्थियों को अंतरिम राहत दी है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि याचिका दाखिल करने वाले सभी अभ्यर्थी जेपीएससी कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

यह याचिका संदीप कुमार महतो एवं अन्य की ओर से दाखिल की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि जेपीएससी द्वारा एपीपी परीक्षा 2025 के लिए अधिकतम उम्र सीमा तय करते समय अगस्त 2024 को कट-ऑफ डेट माना गया है, जो अनुचित है। उन्होंने तर्क दिया कि झारखंड में वर्ष 2018 के बाद एपीपी की कोई नियुक्ति नहीं हुई है और अब सात साल बाद जब 2025 में यह प्रक्रिया शुरू की गई है, तो कट-ऑफ डेट को पीछे ले जाकर अगस्त 2019 निर्धारित किया जाना चाहिए, जिससे ज्यादा अभ्यर्थियों को मौका मिल सके।

हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान जेपीएससी से यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या उम्र सीमा में छूट दी जा सकती है। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल और प्रिंस कुमार सिंह ने अदालत को बताया कि उम्र सीमा का निर्धारण राज्य सरकार करती है, न कि जेपीएससी। इसके बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को राहत देते हुए कहा कि वे अपना आवेदन जेपीएससी को ऑफलाइन माध्यम से जमा कर सकते हैं।

यूनिवर्सिटी से नहीं आया प्रश्न पत्र तो कॉलेज के शिक्षकों ने ही क्वेश्चन सेट कर दिया

एसकेएमयू में यूजी सेमेस्टर-1 परीक्षा का हाल

विशेष संवाददाता

दुमका । सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में सेमेस्टर-1 परीक्षा में बीएसके कॉलेज बरहड़वा परीक्षा केंद्र पर एमडीसी-1 एकाउंट्स एवं फाइनांस विषय का प्रश्न पत्र ही यूनिवर्सिटी से नहीं भेजा गया था।यूनिवर्सिटी से प्रश्न पत्र नहीं आने पर कॉलेज के शिक्षकों ने ही प्रश्न पत्र सेट कर दिया और परीक्षा ले ली गई।यह परीक्षा 2 जुलाई को प्रथम पाली में हुई थी। एसकेएमयू के कॉलेजों में यूजी के 2024-28 सत्र की सेमेस्टर-1 की परीक्षा चल रही है।2 जुलाई को एमडीसी-1 एकाउंट्स एवं फाइनांस की परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों के बीच जब परीक्षा हॉल में प्रश्न पत्र बांटने की बारी आई तो पता चला कि इस विषय का प्रश्न पत्र यूनिवर्सिटी से परीक्षा केंद्र को मिला ही नहीं है।

हालांकि इस विषय में परीक्षार्थियों की संख्या बहुत कम थी,सो कोई हंगामा तो नहीं हुआ पर जाहिर है कि प्रश्न पत्र नहीं पहुंचने पर परीक्षा केंद्र पर अफरा-तफरी मच गई।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यूनिवर्सिटी से प्रश्न पत्र नहीं आने पर कॉलेज के ही उक्त विषय के दो शिक्षकों ने आनन-फानन में प्रश्न पत्र सेट कर दिया।उसके बाद परीक्षा ले गई।बता दें बीएसके बरहड़वा सहित एसकेएमयू के अधिकांश कॉलेजों में होम सेंटर की व्यवस्था है।अपने ही कॉलेज में परीक्षा का केंद्र रहने से छात्रों को कई प्रकार की सुविधाएं मिलती है। बीएसके कॉलेज में प्रश्न पत्र नहीं पहुंचने और कॉलेज के ही शिक्षकों द्वारा क्वेश्चन सेट कर परीक्षा लेने के सम्बंध में संताल एक्सप्रेस संवाददाता द्वारा शुक्रवार को एसकेएमयू के परीक्षा नियंत्रक से पूछे गए सवाल पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. जे.के.साह ने कहा कि उन्हें इस बावत कोई जानकारी नहीं है।परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि किसी परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र नहीं पहुंचता है तो केंद्राधीक्षक की जिम्मेदारी है कि वे परीक्षा विभाग को सूचित करें। इस तरह की परिस्थितियों में विश्वविद्यालय से प्रश्न पत्र उक्त परीक्षा केंद्र को मेल से भेजे जाने का प्रावधान है।

सिलेबस से बाहर के प्रश्न पूछे जाने से छात्रों में आक्रोश

इस बीच यूजी सेमेस्टर 1 परीक्षा में ही 10 जुलाई को एचइसी-1 का प्रश्न पत्र सिलेबस से बाहर पूछे जाने की बात सामने आई है।इस विषय के परीक्षार्थियों ने बताया कि आउट ऑफ सिलेबस प्रश्न रहने से उन्हें काफी परेशानी हुई।इधर बीएसके कॉलेज बरहड़वा परीक्षा केंद्र पर आक्रोशित छात्रों ने विरोध प्रदर्शन तक किया।विरोध प्रदर्शन छात्र संगठन एनएसयूआई के बैनर पर किया गया था।

मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्व. ददई दुबे को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखण्ड सरकार में पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता दिवंगत चंद्रशेखर दुबे (ददई दुबे) के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को दुःख की इस घड़ी में ईश्वर से संबल प्रदान करने की कामना की।बता दें कि झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व सांसद और इंटक नेता ददई दुबे का दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और इलाज के क्रम में उन्होंने राजधानी में बीते दिन गुरुवार की संध्या अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से झारखंड की सियासत और श्रमिक संगठनों में शोक की लहर है।चंद्रशेखर दुबे, जिन्हें ददई दुबे के नाम से जाना जाता था।

पेसा कानून लागू कराने की मांग पर सरना समाज एकजुट : जगलाल

रांची (हि.स.)। केन्द्रीय सरना समिति की ओर से शुक्रवार को हातमा स्थित सरना टोली के सामुदायिक भवन में बैठक की गई। बैठक में सभी सरना धर्वलंबियों ने पेसा कानून अधिनियम 1996 को लागू कराने की मांग को लेकर एकजुटता व्यक्त की गई। मौके पर मुख्य पहान जगलाल पहान ने कहा कि पेसा कानून लागू होने से जनजातीय ग्राम सभाओं को विशेष अधिकार मिलेगा। इससे न केवल जल, जंगल, जमीन की रक्षा होगी, बल्कि भाषा, संस्कृति, रीति-रिवाज और परंपराओं को आगे बढ़ाने का भी मौका मिलेगा। उन्होंने राज्य सरकार से मांग किया कि पेसा कानून को अविलंब धरातल पर उतारने की दिशा में ठोस कार्रवाई की जाए। इस दौरान केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने बताया कि पेसा कानून लागू कराने के लिए गुमला जिले के लिटा टोली, बाबा कार्तिक उरांव के जन्मस्थल से पदयात्रा शुरू की गई है। निशा भगत की अगुवाई में पारंपरिक विधि-विधान के साथ यह पदयात्रा सिसई, भरनो, बेड़ो, कटहल मोड़ होते हुए 14 जुलाई को राजभवन पहुंचेगी। इसके बाद प्रदर्शन किया जाएगा और राज्यपाल को मांग पत्र सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में आदिवासी मूलवासी मंच, छोटा नागपुर सरना समिति नामकुम, वीर बिरसा स्मारक समिति बनीया टोली, हेदलहातू सरना समिति, सराई टांड़ सरना समिति, हड़गड़ी मसना समिति हातमा सहित कई संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य शामिल होंगे। बैठक में बबलू मुंडा, महादेव टोप्पो, सुरज टोप्पो, नकुल तिर्की, बिरसा पहान, शिवधन मुंडा, रांजन मुंडा, मुन्ना हेमरोम, अशोक मुंडा सहित अन्य मौजूद थे।

म्यूटेशन के नाम पर घूस लेते राजस्व कर्मी को एसीबी ने किया गिरफ्तार

गिरिडीह(ईएमएस)। गिरिडीह जिले के गावां प्रखंड में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है।एसीबी ने गावां अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी आलोक शंकर त्रिगुणायत को 20 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।यह गिरफ्तारी शुक्रवार को गावां बाजार स्थित बेलु राम के घर से की गई, जहां वह शिकायतकर्ता से रिश्वत की पहली किस्त ले रहा था।शिकायतकर्ता राजू प्रसाद यादव ने एसीबी को बताया कि आलोक शंकर ने उनसे म्यूटेशन (दाखिल-खारिज) के काम के लिए 50 हजार की रिश्वत की मांग की थी।राजू यादव की शिकायत के आधार पर धनबाद एसीबी की टीम ने एक गोपनीय योजना बनाई। इसी योजना के तहत, जब आरोपी कर्मचारी आलोक शंकर पहली किस्त के रूप में 20 हजार ले रहा था, तभी उसे एसीबी ने पकड़ लिया। गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी आलोक शंकर त्रिगुणायत गावां अंचल के हल्का नंबर 8 और 9 के प्रभार में था।

ब्राउन शुगर गिरोह का भंडाफोड़, एक महिला समेत 5 गिरफ्तार

रांची(ईएमएस)। रांची पुलिस ने सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में चलाए गए एक विशेष अभियान में अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री में संलिप्त एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुमित तिर्की, पारस कुमार, मो. इस्माइल, मोहिनी शर्मा और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया।इनके पास से 36.70 ग्राम ब्राउन शुगर समेत कई अन्य सामान बरामद हुआ है।शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीएसपी प्रकाश सोए ने बताया कि इस अभियान के तहत एक महिला सहित कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर, नकदी और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।एसएसपी को एक गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के गंगा नगर रोड नंबर 01, नदी पार स्थित मोहिनी देवी अपने किराए के घर में अवैध रूप से ब्राउन शुगर का कारोबार कर रही है। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग समेत पांच को गिरफ्तार किया गया।

सदर अस्पताल में परिवार नियोजन स्वास्थ्य मेला आयोजित, सारथी रथ रवाना

देवघर संताल एक्सप्रेस। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल,देवघर में परिवार नियोजन स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. जुगल किशोर चौधरी ने किया और जन-जागरूकता हेतु सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. पी.के. शर्मा के नेतृत्व में आयोजित प्रभात फेरी से हुई,जो पुराने अस्पताल परिसर से निकाली गई। इस दौरान लोगों को परिवार नियोजन के महत्व की जानकारी दी गई। मौके पर डॉ. संचयन,डॉ. अभय यादव,डॉ. मनीष कुमार,जिला कार्यक्रम प्रबंधक समरेश कुमार सिंह, समन्वयक प्रवीण सिंह, क्क्ष्ढ्ढ इंडिया से प्रशांत सिंह,शहरी सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। सिविल सर्जन ने कहा कि परिवार नियोजन की सुविधाएं हर जरूरतमंद तक पहुंचनी चाहिए। डॉ. शर्मा ने स्थायी व अस्थायी साधनों पर प्रकाश डाला। समन्वयक प्रवीण सिंह ने पुरुषों की सक्रिय भागीदारी को जरूरी बताया और बिना चीरा-टांका वाली नसबंदी की जानकारी दी।

भारत विकास परिषद का कांवरियों के लिए निःशुल्क सेवा शिविर प्रारंभ

देवघर संताल एक्सप्रेस। श्रावण मास के प्रथम दिन भारत विकास परिषद देवघर शाखा द्वारा श्रावणी मेला निःशुल्क प्राथमिक सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। यह सेवा शिविर शिवगंगा तट,नेहरू पार्क गेट के पास लगाया गया है,जिसमें कांवरिया भक्तों को प्राथमिक उपचार,दवा वितरण, शुद्ध पेयजल, नींबू पानी एवं रविवार-सोमवार को फलाहार की सेवा दी जाएगी। शिविर का उद्घाटन कांवरिया बहनों द्वारा फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक डॉ. अरुण गुटगुटिया,आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक निशांत,अध्यक्ष आलोक मल्लिक, सचिव कंचन शेखर सिंह सहित कई सदस्य उपस्थित थे। शिविर अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट, मधुपुर के सौजन्य से संचालित है। डॉ. अरुण गुटगुटिया ने इसे अपने दिवंगत पुत्र की स्मृति से जुड़ा पुण्य कार्य बताया। उद्घाटन अवसर पर परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। परिषद यह सेवा विगत 10 वर्षों से श्रावण मास में निरंतर दे रही है। संचालन में गौतम कुमार,दिवाकर चौधरी,रूपेश कामती,आकाश कुमार सहित कई स्वयंसेवक जुटे हैं।

भोजपुरी ,मगही, मैथिली व अंगिका भाषा को नियोजन नीति में क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल करने की मांग को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन

संताल एक्सप्रेस

रांची(ईएमएस)। राजद महासचिव सह अखिल भारतीय भोजपुरी मगही मैथिली अंगिका मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव के नेतृत्व में 6 सदस्यों का प्रमुख प्रतिनिधिमंडल भोजपुरी मगही मैथिली अंगिका भूमिज भाषा को नियोजन नीति में क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल करने की मांग को लेकर राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में मुलाकात कर ज्ञापन दिया और विस्तारपूर्वक वार्ता कर अवगत कराया गया।श्री यादव ने राज्यपाल को कहा कि महामहिम मंच की ओर से आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहना है कि झारखंड राज्य पूर्ववर्ती बिहार राज्य से बना एक ऐसा राज्य है जहाँ सभी जाति धर्म एवं भाषा के लोग एक साथ मिलकर राज्य के उत्तरोत्तर विकास में निरंतर लगे हुए हैं।झारखण्ड राज्य के विशिष्ट क्षेत्रों में कतिपय राजकीय प्रयोजनार्थ उर्दू, संथाली, बंगला, मुंडारी, हो, खरिया, कुडूख (उरांव) कुरमाली, खोरठा,

नागपुरी, पंचपरगनिया तथा उड़िया भाषा के अतिरिक्त भोजपुरी, मगही, मैथिली, अंगीका, एवं भूमिज भाषा को राज्य के द्वितीय राजभाषा कि मान्यता हेतु अधिसूचना 29अगस्त 2018 को निर्गत है।झारखण्ड सरकार कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राज्यभाषा विभाग के अधिसूचना संख्या 1426 दिनांक 10. 03.2023 द्वारा निर्गत झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा संचालन नियमावली 2023 में उक्त 17 द्वितीय राज्यभाषाओं से 12 को क्षेत्रीय भाषा के रूप मान्यता दी गई है जबकि भोजपुरी, मगही, मैथिली, अंगीका एवं भूमिज को वंचित रखा गया है।विदित हो कि पलामू एवं संथाल परगना प्रमंडल सहित राज्य के मुख्य शहर राँची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो गोड्डा, देवघर गिरिडीह, कोडरमा एवं चतरा में करोड़ों लोग इन भाषाओं को बोलते हैं, इन भाषाओं की साहित्य भी एक अमूल्य धरोहर है।झारखण्ड सरकार कार्मिक, प्रशाशनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के अधिसूचना संख्या 453दिनांक 18.02.2022 में जिलावार चिन्हित क्षेत्रीय भाषाओ में भोजपुरी, मगही, मैथिली, अंगीका एवं भूमिज के अतिरिक्त सभी भाषाओं को सम्मिलित किया गया है।राज्यपाल से आग्रह किया गया कि राज्य के मान्यता प्राप्त द्वितीय राज्यभाषा में शामिल सभी 17 भाषाओं को उचित सम्मान एवं प्रोत्साहन देते हुए भोजपुरी, मगही,मैथिली, अंगीका एवं भूमिज को भी राज्य नियोजन नीति में क्षेत्रीय भाषा के रूप में न्यायसंगत समाहित करने के लिए राज्य सरकार व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अनुशंसा कर अवगत कराने की कृपा करें।वार्ता के उपरांत राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि मैं इस विषय पर सरकार को पत्र लिखूंगा और इसे गंभीरता से अध्ययन करने का जिक्र करूंगा।राज्यपाल ने कहा इस विषय पर आप सभी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर वार्ता कीजिए व अवगत कराएं।प्रतिनिधिमंडल में कैलाश यादव के अलावा अमरनाथ झा सुधीर गोप सुरेन्द्र मिश्रा राधेश्याम यादव सुनील पांडेय मौजूद थे।

राजनीति में दोहरा मापदंड अपनाती है भाजपा : सुप्रियो

संताल एक्सप्रेस

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर राजनीति में दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में एक तरफ वरिष्ठ नेताओं को मार्गदर्शक मंडल में भेजा जाता है, तो दूसरी ओर केंद्र की सरकार में 80 वर्षीय नेता जीतन राम मांझी को कैबिनेट में केवल राजनीतिक स?वार्थ की पूर्ति के लिए जगह दी जाती है। सुप्रियो शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सितंबर का दूसरा सप्ताह देश की राजनीति में परिवर्तन की दस्तक दे सकता है। भाजपा को संचालित

करनेवाले संगठन के महत्वपूर्ण पद के व्यक्ति ने जब 10 जुलाई को अपने दिए गए बयान में कहा कि उनकी बातों को हल्के में लिया जाता है। सुप्रियो ने कहा कि यह गलत है, क्योंकि जैसे ही कोई 75 वर्ष का होता है, उसे शॉल ओढ़ा दी जाती है, मानो अब वह किसी काम का नहीं रहा। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह कथन केवल प्रतीकात्मक नहीं बल्कि राजनीतिक संकेत है, जो सीधे केंद्र सरकार और भाजपा की आगामी रणनीति की ओर इशारा करता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि संगठन का यह दोहरा मापदंड अब जनता के सामने आ चुका है। भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि संचालक की भूमिका वाले संगठन और भाजपा की राजनीति अब केवल सत्ता तक सीमित हो गई है। वरिष्ठ नेताओं को केवल तभी महत्व दिया जाता है जब तक कि वे सत्ता के रास्ते में नहीं आते। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष की समाप्ति और नवरात्र की शुरुआत से ठीक पहले देश एक राजनीतिक तर्पण का साक्षी बन सकता है।

बिना मुआवजा काम करने पर बवाल, पुलिस लाठीचार्ज में दर्जनों ग्रामीण घायल

धनबाद(ईएमएस)। जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र के आसानबनी गांव में शुक्रवार को उस स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब जमीन विवाद को लेकर ग्रामीण और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) प्रबंधन आमने-सामने हो गए,ग्रामीणों का आरोप है कि सेल प्रबंधन बिना मुआवजा दिए उनकी जमीन पर कार्य शुरू करा रहा था, जिसके विरोध में उन्होंने प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान हालात बिगड़ने पर पुलिस ने मोर्चा संभाला और विरोध कर रहे ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया।इसमें दर्जनों ग्रामीण घायल हुए हैं। पुलिस ने कई ग्रामीणों को हिरासत में लिया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। प्रशासनिक अधिकारी स्थिति नियंत्रित करने के प्रयास में जुटे हैं।बलियापुर सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि यह विवाद सेल के झरिया अंचल स्थित टासरा प्रोजेक्ट से जुड़ा है। रिहैबिलिटेशन के लिए आसनबनी गांव में भूमि अधिग्रहण के तहत लगभग 41 एकड़ जमीन ली गई थी।इस परियोजना के लिए 60 करोड़ रुपए की अवार्ड राशि घोषित की गई थी, जिसमें कुल 379 रैयत शामिल थे। इनमें से 350 रैयतों को भुगतान किया जा चुका है, जबकि कुछ रैयतों का भुगतान बाकी है।ग्रामीण 2017 से इसका विरोध कर रहे हैं, लेकिन उनकी बात अब तक नहीं सुनी गई। महतो के अनुसार आज की कार्रवाई में कुछ लोगों के मकान तोड़ दिए गए।कोचिंग सेंटर भी तोड़ दिया गया। डीसी व जनप्रतिनिधियों को कई बार आवेदन के माध्यम से मामले की जानकारी दी गई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।उन्होंने कहा कि जब तक रोजगार और पूरा मुआवजा नहीं मिलेगा, वे जमीन नहीं छोड़ेंगे।

नगड़ी के रैयतों ने राज्यपाल से की मुलाकात, भूमि अधिग्रहण का किया विरोध

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को कांके अंचल के नगड़ी ग्राम के रैयतों के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। मौजा नगड़ी में रि स-दो की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण का विरोध करते हुए कहा कि यह कृषि भूमि है तथा किसानों को अपने खेत में खेती करने दिया जाये। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से इस भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगाने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

मोबाइल पर गेम खेलने से घरवालों ने रोका तो आईटीआई पास युवक ने लगायी फांसी, मौत

पूर्वी सिंहभूम । बागबेड़ा थाना क्षेत्र के हरहरगुट्टू में मोबाइल गेम की लत ने एक 19 वर्षीय युवक की जान ले ली। मृतक की पहचान आनंद भारद्वाज के रूप में हुई है, जिसने हाल ही में आईटीआई पास किया था। परिजनों के अनुसार आनंद देर रात तक मोबाइल पर गेम खेला करता था। कई बार समझाने के बावजूद उसकी आदत नहीं छूटी तो परिजनों ने मोबाइल जब्त कर लिया। इसके बाद से ही वह चुप रहने लगा और उदास रहने लगा था। बुधवार रात वह अपने कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। शुक्रवार की सुबह तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि वह पंखे से लटका हुआ था। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

देवघर में मानव श्रृंखला ने दिया जनसंख्या नियंत्रण का संदेश

देवघर संताल एक्सप्रेस । विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विश्व दायित्ववान नागरिक संगठन (WORC) के बैनर तले टावर चौक से दो किलोमीटर तक मानव श्रृंखला बनाकर जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूकता का अनूठा संदेश दिया गया। इस आयोजन में लगभग 500 नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार और WORC के संस्थापक डॉ. एन.डी. मिश्रा ने कहा,अनियंत्रित और असंतुलित जनसंख्या देश के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। शिक्षित और जागरूक वर्ग जनसंख्या को नियंत्रित कर रहा है, जबकि गरीब,अशिक्षित और

बेरोजगार वर्ग में जनसंख्या तेज़ी से बढ़ रही है,जिससे सामाजिक संतुलन बिगड़ने का खतरा बना है। उन्होंने प्रभावशाली जनसंख्या नियंत्रण नीति लागू करने की मांग करते हुए कहा कि देश तभी सशक्त होगा, जब जनसंख्या संतुलित और नियंत्रित होगी। इससे पूर्व शहर के लगभग 30स्कूलों के छात्रों द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली गई। इसमें संकल्प एजुकेशन, इनरव्हील क्लब,भाजपा महिला मोर्चा, मिथिला महिला मंच,अग्रहरी समाज सहित अनेक शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी रही। इस मौके पर डॉ. वीरेंद्र कुमारसिंह (पूर्व स्वास्थ्य निदेशक), तरुण ठाकुर (संकल्प एजुकेशन), डी. राम, महेश लंकेश, रूपा केसरी, ममता किरण, प्रो. राजीव रंजन, धर्मेंद्र कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। देवघर की जन-जागरूकता का भी परिचायक है।

लायंस क्लब यूनिटी की सेवा ने मुस्कानें बिखेरी

मधुपुर। जब बारिश की बूँदें राहों को थाम लेती हैं, तब कोई-कोई ही होता है जो सेवा की छतरी बनकर ज़रूरतमंदों पर इंसानियत की बारिश कर देता है। लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया, जिससे नन्हे चेहरों पर मुस्कान और बेसहारा दिलों को राहत

मिली। शुक्रवार को क्लब द्वारा शहर के किड्स गार्डन स्कूल परिसर में छोटे बच्चों के बीच निःशुल्क छतरियों का वितरण किया गया। जैसे ही बच्चों के हाथों में रंग-बिरंगी छतरियां आईं, उनके चेहरे खिल उठे – क्योंकि ये सिर्फ छतरियां नहीं थीं, ये उम्मीद की वो ढाल थीं जो उन्हें बारिश से नहीं, बल्कि रुकावटों से भी बचा रही थीं।यह सिर्फ खाना नहीं था, यह उन भूखों के लिए उम्मीद की थाली थी, जिनकी दुआओं में अब एक नाम और जुड़ गया - लायंस क्लब। इस पुनीत कार्य में क्लब की अध्यक्ष अरफी नाज़, सचिव शीलू समद, कोषाध्यक्ष रामचंद्र झा, प्रिंस समद, सुभाष सिंह, राजेश कुमार, उत्तम मोहनका, रोहित लच्छीरामका, अभिषेक गुटगुटिया, संजय टेकरीवाल समेत क्लब के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे, जिनकी सहभागिता इस सेवा को संपूर्णता दे रही थी।

पारस हॉस्पिटल में 13 जुलाई को लगेगा को निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप

रांची। पारस हॉस्पिटल एचइसी में रविवार को निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक लगेगा। इस हेल्थ कैंप में अस्पताल के विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क ओपीडी परामर्श दिया जाएगा। अन्य डायग्नोस्टिक एवं लैब टेस्ट पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी जायेगी। कैंप का लाभ उठाने के लिए 8080808069 पर पंजीकरण कराना होगा। यह जानकारी पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पारस हॉस्पिटल का उद्देश्य है कि आम जनता को समय-समय पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाए और उन्हें प्राथमिक जांच की सुविधाएं दी जाएं।मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि मरीजों के प्रति अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए पारस हॉस्पिटल हमेशा निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन करती रहती है।

हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल निःशुल्क हेल्थ कैंप आज

रांची । ईरबा स्थित फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड पारामेडिकल साइंसेज ईरबा मे (शनिवार) : समय प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मुफ्त परामर्श एवं रक्तदान शिविर शिविर मे मेदांता एवं कश्यप आई हॉस्पिटल के डॉक्टरों के द्वारा मुफ्त जांच किया जाएगा जिसमें डॉ. अंकित सिंहा (जेनलर फिसियन) डॉ. निलेश मिश्रा (हड्डि रोग विशेषज्ञ) डॉ. अमूल्य स्वाती (स्त्री रोग विशेषज्ञ)डॉ. कृष्णा के. दास (नाक, कान एवं गला विशेषज्ञ)डॉ. नाजनीन कौशर (दन्त रोग विशेषज्ञ) अपनी सेवा देंगे ।

प्रधानमंत्री को शक्ति दें भोलेनाथ, भारत दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बने : संजय सेठ

खूंटी। खूंटी जिले के प्राचीन बाबा आम्रेश्वर धाम में शुक्रवार से शुरू हो रहे श्रावणी मेले का उद्घाटन केंदीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ सहित अन्य लोगों ने बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर और नारियल फोड़कर किया। उद्घाटन में खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, अनुमंडल पदाधिकारी रूपेश कुमारी, बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, महामंत्री मनोज कुमार सहित अन्य शामिल थे। पंडित हरिहर नाथ कर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अतिथियों को भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना कराई। केंद्रीय राज्यमंत्री ने भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर देश और राज्य की समृद्धि की कामना की। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए संजय सेठ ने कहा कि उन्होंने भगवान भोलेनाथ से कामना की कि वे प्रधानमंत्री को आशीर्वाद दें और उन्हें शक्तिशाली बनायें। विधायक को मेले के उद्घाटन समारोह में भाग लेना था, पर कुछ कारणों से वे देर से आम्रेश्वरधाम पहुंचे। इसके पूर्व आम्रेश्वर धाम पहुंचने पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष और महामंत्री ने अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया।

सांप के डंसने से विधायक आलोक चौरसिया के रिश्तेदार सहित तीन की मौत

पलामू । पलामू जिले में विषैले सांप के डंसने से दो नाबालिग बच्चों समेत तीन की मौत हो गयी। दोनों नाबालिग बच्चे डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया के रिश्तेदार बताये गए हैं। सांप डंसने की दोनों घटनाएं चैनपुर थाना क्षेत्र में गुरूवार रात हुई। नरसिंहपुर पथरा गांव में करैत सांप के डंसने से प्रेम प्रसाद चौरसिया के दो पुत्र देव प्रसाद चौरसिया (10) तथा अर्जुन कुमार चौरसिया (8) की मौत हो गयी। पिता का इलाज चल रहा है। तीनों को सोये अवस्था में सांप ने डंसा। बेहोशी की हालत में तीनों को इलाज के लिए पहले एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सतबरवा के तुम्बागाड़ा नवजीवन अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। दूसरी घटना बसडीहा गांव में हुई। यहां पति भिखारी भुइयां और उसकी पत्नी शकुंतला देवी को सांप ने डंस लिया। पत्नी की मौत हो गयी, जबकि पति का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, चैनपुर के पूर्व जिला परिषद सदस्य संटू चौरसिया, भीष्म चौरसिया सहित बड़ी संख्या में लोग एमएमसीएच पहुंचे ।

सारंडा में हाथी की मौत, गांव में नहीं जला चूल्हा

पश्चिम सिंहभूम । सारंडा के जंगलों में मासूम हाथियों की लगातार हो रही मौतों ने हर दिल को हिला दिया है। गुरुवार की रात घायल नन्ही हथिनी की मौत के बाद गांव में चूल्हे नहीं जले, लोग उपवास पर रहे। यह लगातार तीसरी मौत है, जिसने जंगल के सन्नाटे को और गहरा कर दिया है। कभी हाथियों की मस्त चाल से गूंजने वाला सारंडा अब लगातार मासूम जानवरों की मौत का गवाह बनता जा रहा है। गुरुवार की सुबह सेरेंगसिया गांव में एक हाथी ने दम तोड़ा और रात होते-होते मनोहरपुर की घायल नन्ही हथिनी ने भी इलाज के दौरान तड़प-तड़प कर आखिरी सांस ली।

वज्रपात से महिला की मौत, 13 साल पहले पति व बेटे की भी वज्रपात में हुई थी मौत

लातेहार(ईएमएस)। लातेहार जिले में वज्रपात से एक महिला की मौत हो गयी। दुखद यह कि करीब 13 साल पहले उसके पति व बेटे की भी खेत में काम करने के दौरान वज्रपात में मौत हो गयी थी।महिला जिले के चंदवा प्रखंड के चकला ग्राम के पुरना टोली की रहने वाली थी। वह शुक्रवार को चंदवा सीएचसी में विश्वव जनसंख्या दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद तकरीबन साढ़े तीन बजे अपने घर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में वज्रपात हुआ और वह उसकी चपेट मे आ गयी। मौके पर ही उसकी मौत हो गयी।घटना के बाद सहयोगी उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्साकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।एक दूसरी घटना में चंदवा प्रखंड के बोदा ग्राम निवासी सुनील बड़ाईक का छोटा पुत्र कुआं में गिर गया। पता चलने पर परिजन आनन-फानन में कुआं से निकाल कर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा ले गये।जहां चिकित्सेकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

भारतीय स्टेट बैंक का कांवरिया सेवा शिविर आरंभ

देवघर संताल एक्सप्रेस । श्रावणी मेला 2025 के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवरियों की सेवा हेतु ÷कांवरिया सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। मानसरोवर हाइट्स के सामने स्थित शिविर का उद्घाटन शुक्रवार को उपमहाप्रबंधक एस. सत्यनारायण राव ने किया।शिविर में 30 दिनों तक 24म7 जल, शरबत, नींबू पानी और फल की सेवा दी जाएगी। बैंक के अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिजन और सेवानिवृत्त कर्मी इस सेवा में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। राव ने कहा, जब हम कांवरियों की सेवा करते हैं, तो वह शिव की सेवा के समान है। क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत कुमार झा ने बताया कि यह शिविर एसबीआई की ष्टस्क्र पहल का प्रतीक है, जो कर्मचारियों के निजी सहयोग से संचालित होता है। यह सेवा शिविर पिछले 13 वर्षों से निरंतर संचालित हो रहा है। इस अवसर पर विभिन्न शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैंक की यह पहल समाज के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भाव का परिचायक है।

श्रावणी मेला 2025 में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी पहल

देवघर संताल एक्सप्रेस । विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 2025 को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सदर अस्पताल देवघर स्थित डीपीएचएल लैब अब मेला अवधि में 24 घंटे सातों दिन श्रद्धालुओं को निःशुल्क जांच सेवा उपलब्ध कराएगी। डीपीएचएल लैब में श्रद्धालुओं के लिए ब्लड, यूरिन, शुगर, डेंगू, मलेरिया, टायफाइड जैसी बीमारियों की मुफ्त जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस व्यवस्था का उद्देश्य मेला में आने वाले लाखों कांवरियों को त्वरित और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। कक्ष प्रभारी मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की टीम चौबीसों घंटे तैनात रहेगी। अत्याधुनिक मशीनों से लैस यह लैब एक दिन में सैकड़ों नमूनों की जांच कर सकती है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन की पहल से इस बार मेला को ÷हेल्थ सेफ मेला÷ बनाने की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है। श्रद्धालु दिन-रात कभी भी अस्पताल पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।यह व्यवस्था श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। मौके पर पैथोलॉजीस्ट डॉक्टर शब्द कांत मिश्र,कक्ष प्रभारी मनोज कुमार मिश्र, प्रयोगशाला प्राविधिक त्रिलोकी नाथ पांडेय, रवि रंजन, पारस नाथ अंबे,अनिल कुमार गुप्ता,विभूति कुमार, प्रज्ञा कुमारी सहित प्रशिक्षु बसंती कुमारी, शैलेश कुमार, मिथिलेश कुमार, मनसिका भारती,राहुल कुमार, अजित कुमार, सदानंद कुमार, शिवानी कुमारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर पिंटो कुमार, अक्षय कुमार, विवेक कुमार, उपस्थित थे।

ददई दुबे के निधन पर मंत्री दीपिका ने जताया शोक

गोड्डा । झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री सह महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री ददई दुबे के निधन को राज्य की राजनीति के लिए एक गहरी क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि ददई दुबे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि जनभावनाओं से गहराई से जुड़े हुए जनप्रतिनिधि थे। उनके सरल स्वभाव, संघर्षशीलता और सेवा भाव ने उन्हें जनता के बीच एक खास पहचान दी थी। दीपिका पांडेय सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि ददई जी मेरे माता-पिता की तरह एक अभिभावक जैसे थे। उन्होंने समाज के हर वर्ग विशेषकर मजदूरों, वंचितों और गरीबों की आवाज़ को मजबूती से उठाया। उनके निधन से राज्य ने एक ऐसा नेता खो दिया है जिसकी भरपाई आसान नहीं। उन्होंने बताया कि ददई दुबे ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत ग्राम पंचायत के मुखिया के रूप में की थी और विश्रामपुर से छह बार विधायक, धनबाद से सांसद और राज्य सरकार में मंत्री रहकर आमजन की सेवा की। पलामू और कोयलांचल क्षेत्र आज उनके बिछड़ने से शोक में डूबा है।

आर्म्स एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार

गोड्डा /बलबड्डा । थाना अंतर्गत कांड संख्या 45/25 के आर्म्स एक्ट एवंअनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले के प्राथमिक अभियुक्त मनीष कुमार (उम्र 20 वर्ष), पिता अजय यादव, निवासी सिमानपुर, थाना बलबड्डा, जिला गोड्डा को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इस कार्रवाई को थाना प्रभारी अमित कुमार मारकी एवं बलबड्डा थाना की टीम ने अंजाम दिया। थाना टीम द्वारा की गई तत्परता और कड़ी निगरानी के चलते यह गिरफ्तारी संभव हो सकी, जिसे क्षेत्र मे कानून- व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

परिवार नियोजन पखवाड़ा का हुआ उद्घाटन

संवाद सहयोगी,कुंडहित (जामताड़ा)। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का उद्घाटन बीडीओ जमाले राजा एंव जिप सदस्य रीना मंडल संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया। मौके पर बीडीओ जमाले रजा ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन स्वास्थ्य पखवाड़े का शुभारंभ किया गया है। यह पखवाड़ा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगी। इसमें प्रखंड क्षेत्र के दंपत्ति परिवार नियोजन पखवाड़ा में आकर परिवार नियोजन के बारे में जानकारी ले सकती है ।साथ ही साथ स्वास्थ्य कीट का भी व्यवस्था की गई है। इस पखवाड़ा के माध्यम से क्षेत्र के लोग पुरुष नसबंदी एवं महिला बंध्याकरण के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के उपरांत पुरुष नसबंदी एवं महिला बंध्याकरण निशुल्क किया जाएगा। साथ ही उनके प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ मेडिकल किट भी दिया जाएगा। मौके पर पूर्व जिप सदस्य भजहरी मंडल ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। हमारे भारत में जनसंख्या वृद्धि से जूझ रहे हैं इसे नियंत्रण करने के लिए सरकार विभिन्न प्रकार की कार्यक्रम चला रहे हैं। हमारे भारत में जनसंख्या जिस स्तर से बढ़ रही है बहुत ही संकटमय स्थिति है। इस संकट को जब तक आप लोग जागृत नहीं होंगे उनसे निपटाना संभव नहीं है ।इसके लिए गांव गांव जाकर ग्रामीणों को जागरूक करना होगा। जैसे जनसंख्या को नियंत्रित कैसे किया जा सके। जनसंख्या नियंत्रण के लिए कोन सा उपाय अपनाने से जनसंख्या नियंत्रण हो सकता है। सरकार द्वारा जनसंख्या नियंत्रण करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। उनके प्रति लोगों को जागरूक करना होगा ,तब ही यह कार्यक्रम सफल हो पाएगा। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा जनसंख्या नियंत्रण में सहयोग सहयोग करें। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दीपशिखा रमानी, जिला परिषद सदस्य रीना मंडल, प्रभारी बीपीएम सलीम खान के अलावे स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

मुहर्रम पर परंपरा और खेल का सुंदर संगम, युवाओं ने दिखाई ताकत

जामताड़ा। फागुडीह गांव में मुहर्रम के अवसर पर बारूद अखाड़ा कमेटी की ओर से खास आयोजन कर गांव में उत्सव का माहौल बना रहा। इस मौके पर पारंपरिक अखाड़ा खेल के साथ-साथ रंग-बिरंगे मेले ने लोगों को आपस में जोड़ा। आसपास के गांवों से हजारों लोग अखाड़ा खेल देखने पहुंचे और युवाओं के जोश को सराहा। अखाड़ा खेल में युवाओं ने अपनी ताकत, कला और तकनीक का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खेल के दौरान ग्रामीणों, खासकर महिलाओं और बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आयोजन में पंचायत की मुखिया स्टेनशीला हेंबरम समेत अलाउद्दीन अंसारी, मुस्तफा अंसारी, साहेब खान, रमेश भंडारी, मंटू मियां, फुरकान अंसारी और ताहिर अंसारी जैसे कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और आयोजन समिति की सराहना की। प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं को पारंपरिक खेलों से जुड़ने की प्रेरणा मिली। बारूद अखाड़ा कमेटी ने बताया कि ऐसे आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देते हैं, बल्कि गांवों में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत करते हैं।

चिरेका में पीएनएम बैठक संपन्न

चित्तरंजन। चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में बुधवार को स्थायी वार्ता तंत्र (पीएनएम) की पहली बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में पूरी हुई। यह बैठक चिरेका प्रशासन और सीआरएमसी-सीएलडब्ल्यू यूनियन के प्रतिनिधियों के बीच प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मुख्य कार्मिक अधिकारी रंजन मोहंती ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत कर किया। उन्होंने कहा कि पीएनएम मंच प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच संवाद को मजबूत करने का महत्वपूर्ण साधन है, जिसके माध्यम से समस्याओं का समाधान सरलता से संभव है। महाप्रबंधक विजय कुमार ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि चिरेका प्रबंधन हमेशा कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता देता है और उनकी जरूरतों को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक में कार्यस्थल की सुविधाओं के विस्तार, कर्मचारियों की सुरक्षा, कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और मानव संसाधन के विकास जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। यूनियन के प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न विषयों को विस्तार से रखते हुए अपने सुझाव और समस्याएं प्रबंधन के सामने रखीं। चिरेका प्रबंधन ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि हर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम जल्द उठाए जाएंगे। दोनों पक्षों ने पारस्परिक विश्वास और सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे में पीएनएम व्यवस्था प्रशासन और कर्मियों के बीच पारदर्शी संवाद और बेहतर समन्वय के लिए एक प्रभावी व्यवस्था है। बैठक में चिरेका के कई वरिष्ठ अधिकारी और यूनियन के प्रतिनिधि मौजूद रहे और इसे सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

लंबित मामलों का निष्पादन कर लाभुकों को पहुंचाएं त्वरित लाभ : डीसी

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा । समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला पशुपालन/गव्य कार्यालय से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन तथा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ पारदर्शिता बरतने जैसे बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्य में तेजी लाने के लिए नए कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं के चयन एवं प्रशक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में पेंडिंग पड़े मामलों को निष्पादन कर लाभुकों को त्वरित लाभ पहुंचाने हेतु निर्देश दिया।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा गव्य विकास पदाधिकारी से जिले में चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर निष्पक्ष रूप से ग्राम सभा के माध्यम से लाभुकों के चयन करने हेतु निदेशित किया गया ताकि सभी लाभूकों को समान अवसर मिल सके।मौके पर उपविकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, जिला पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सहित कार्यालय कर्मीगण मौजूद थे।

विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार स्वास्थ्य मेला का हुआ उद्घाटन

गोड्डा । विश्व जनसंख्या दिवस पर जहां देश भर में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कार्यक्रम किए जा रहे हैं। वहीं जिले में भी 30 जुलाई तक परिवार नियंत्रण पर चलने वाले कार्यक्रम का सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय परिवार स्वास्थ्य पखवाड़ा का उपायुक्त अंजली यादव ने उद्घाटन किया। इस दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को टारगेट के रूप में पूरा करने कि बाते कही, साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का पोस्टर विमोचन भी उपायुक्त के द्वारा किया गया। वही उद्घाटन कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दीपक कुमार, सिविल सर्जन डॉ0 एस सी शर्मा, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ0 अरविंद कुमार, सदर अस्पताल चिकित्सक डॉ0 आकाश कुमार सहित जिला स्वास्थ्य समिति के सभी पदाधिकारी व एएनएम कर्मी मौजूद थे।

एसपी ने विभिन्न थानों का किया औचक निरीक्षण

गोड्डा । पुलिस कप्तान मुकेश कुमार ने जिले के बलबड्डा, मेहरमा, ठाकुरगंगटी, बोआरीजोर सहित कई थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूरा थाना परिसर सहित कई अन्य आवश्यक बातों से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने प्रभारी से समस्याओं से संबंधित जानकारी ली और जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिए। उन्होंने रात के समय लगातार पेट्रोलिंग करने का आदेश दिया और पूरे थाना परिसर पर ध्यान केंद्रित कराते हुए थाना को व्यवस्थित रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से पुलिस जवानों के कमरों की भी जांच की। उन्होंने अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने और विभिन्न मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। साथ ही अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने थाने के विभिन्न पंजियों की भी बारीकी से जांच की जिसके बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने देखा कि थाने में चलने वाली सरकारी गाड़ियों की स्थिति अच्छी नहीं है। जिसके लिए उन्होंने कहा कि थाने में कुछ नई सरकारी गाड़ियों की आवश्यकता है, और धीरे-धीरे मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। पेट्रोलिंग के दौरान वाहन की खराब स्थिति की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे अपराधियों को पकड़ने में दिक्कत हो रही है। साथ ही थाने की नई बिल्डिंग में शिफ्ट होने के बाद पुलिस जवानों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में भी कार्य करने की बात कही।

जूनियर खो-खो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने चतरा पहुंचीं जामताड़ा की बेटियां

जामताड़ा। जामताड़ा जिले की 15 होनहार छात्राएं 19वीं जूनियर राज्य स्तरीय बालिका खो-खो चैंपियनशिप - 2025 में हिस्सा लेने के लिए पूरे उत्साह और जोश के साथ चतरा रवाना हुईं। झारखंड राज्य खो-खो संघ द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता 11 से 13 जुलाई तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में आयोजित हो रही है। चयनित खिलाड़ी संत एंथोनी विद्यालय, ज्ञान रेनू विद्या निकेतन और सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स, जामताड़ा से हैं। खिलाड़ियों के प्रस्थान के मौके पर जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष डॉ. दुर्गा दास भंडारी ने छात्राओं को जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं और खेल के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करती हैं। सेंट एंथोनी विद्यालय के निदेशक डॉ. चंचल भंडारी ने खिलाड़ियों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन की कामना की। वहीं ज्ञान रेनू विद्या निकेतन के निदेशक श्यामल मंडल ने खिलाड़ियों को मेहनत और लगन से खेल में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष नंदन सिंह और खेल शिक्षक अनीश रंजन भी बालिकाओं के साथ मार्गदर्शन देने के लिए चतरा के लिए रवाना हुए हैं।

उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन

नारायणपुर (जामताड़ा)। प्रखंड के अहारडीह गांव में शुक्रवार को धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ सरल और त्वरित रूप से उपलब्ध कराना था। शिविर में आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सुधार सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। दस्तावेजों की प्रक्रिया को आसान बनाकर ग्रामीणों की सुविधा का विशेष ख्याल रखा गया था। शिविर का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रशांत कुमार दूबे, चंदन कुमार, विक्की पांडेय, बहादुर मंडल, पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव समेत कई अन्य कर्मी मौजूद थे। शिविर में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखने को मिली। कुल 102 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई का निष्पादन शिविर स्थल पर ही कर दिया गया। त्वरित सेवा और समाधान को लेकर ग्रामीणों में उत्साह और संतोष देखा गया।

राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय बोल-बम का जत्था रवाना

पथरगामा संवाददाता । श्रावण मास के पावन अवसर पर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय, परसपानी से एक श्रद्धालु डॉक्टरों का जत्था बोल-बम यात्रा के लिए बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर रवाना हुआ। यह जत्था न केवल भक्ति भाव से ओत-प्रोत है, बल्कि इसका उद्देश्य स्वधर्म के साथ योग और होम्योपैथी चिकित्सा के समन्वय को बढ़ावा देना और जनजागरूकता फैलाना भी है। इस जत्थे में शामिल प्रमुख चिकित्सकों में जूनियर डॉ. सुजीत मुर्मू, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. चंदन मंडल, डॉ. हरिहर वर्मा, डॉ. सुमन मांझी आदि शामिल हैं। सभी श्रद्धा, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से ओतप्रोत होकर बाबा नगरी की ओर प्रस्थान कर चुके हैं।

स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, सभी सवार घायल

महगामा प्रतिनिधि (गोड्डा)। महगामा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में देर शाम एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक घर में जा घुसा, जिससे गंभीर सड़क हादसा हो गया। दुर्घटना में वाहन में सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को महागामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो काफी तेज गति में थी और अचानक चालक का नियंत्रण हट गया, जिससे वाहन सीधे घर में जा टकराया। घर के हिस्से को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि घर के भीतर किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और घायलों की पहचान तथा उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी जुटाई जा रही है।

वाहन के चपेट में आने से चार वर्षीय बच्चे की मौत

मेहरमा । थाना क्षेत्र के पिरोजपुर-भगैया मुख्य मार्ग पर ककरघट के पास स्कूल वाहन के चपेट में आने से चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वहीं इस घटना की सूचना मिलने पर मेहरमा थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर के अलावे ठाकुरगंगटी थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह, बलबड्डा थाना प्रभारी अमित मार्की अपने दल-बल के साथ व ठाकुरगंगटी के प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे एवं घटना की जानकारी ली। आक्रोशित लोगों ने मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। काफी प्रशासन के द्वारा समझाने-बुझाने के बाद जाम को समाप्त कराया गया।

बलबड्डा को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर लोगों ने की बैठक

गोड्डा (मेहरमा)। बलबड्डा को स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर प्रखंड क्षेत्र के डोडा पंचायत भवन में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यदि बलबड्डा को प्रखंड का दर्जा मिल जाता है तो स्थानीय लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए मेहरमा नहीं जाना पड़ेगा। जिससे समय और संसाधन दोनों की बचत होगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने बताया कि वर्तमान में छोटी-छोटी सरकारी प्रक्रियाओं के लिए भी लोगों को मेहरमा प्रखंड मुख्यालय तक जाना पड़ता है, जो कि ग्रामीणों के लिए काफी असुविधाजनक है। बलबड्डा को प्रखंड बनाने से आसपास के गांवों को भी लाभ होगा और विकास की रफ्तार बढ़ेगी। इस मौके पर ढोढ़ा पंचायत के मुखिया पति छगुरी राय, पंचायत सहायक सोनी कुमारी, चंदन भगत, वार्ड पार्षद मेघनाद, शिव नारायण शाह, ललित मंडल, अवध भारती, अशोक शर्मा और रंजन कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने बलबड्डा को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर प्रशासन से जल्द निर्णय लेने की अपील की।

परिवार स्वास्थ्य मेला का हुआ उद्घाटन

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। शुक्रवार को नाला सीएचसी में प्रखंड स्तरीय परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी,डॉ रामकृष्ण बाबु, डॉ पंकज शर्मा, डॉक्टर गुनीता लोहितम बम ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर तथा द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लियाकत अंसारी ने स्वास्थ्य मेले की उपयोगिता तथा उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मेले के विभिन्न शिविर में खासकर गर्भनिरोधक गोलियां ,छाया, माला एन, महिलाओं के लिए सरल और सुरक्षित गर्भनिरोधक इंजेक्शन आदि मुख्य रूप से उपलब्ध कराए जाएंगे। इस दौरान प्रमुख कलावती मुर्मू ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया और इसकी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर नोडल चिकित्सक डॉक्टर रामकृष्ण बाबू,डॉ0 गुनीता लोईतंगबम, डॉ पंकज शर्मा ,एमटीएस अहमद रजा परवेज, लेखा प्रबंधक सूरज कुमार वर्मा, प्रधान लिपिक श्यामभर सिंह,शर्मिला कुमारी, फिल्ड मॉनिटर शशिभूषण कुमार, एमपीडब्ल्यू प्रदीप कुमार टुडू,एमपीडब्ल्यू शांतिमय मंडल, बबलु पाल,राजकुमार पाल,लेब टेक्नीशियन मोहसीन आलम,परवेज आलम, राकेश वर्मा, मेनका वर्मा,संतोष कुमार, रंजीत भट्टाचार्य, शईद आलम, मुश्ताकिम अंसरी,ज्योति कुमारी के अलावे एएनएम, सीएचओ,सहिया एवं सहिया साथी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

विकास कार्यों की समीक्षा के लिए उप विकास आयुक्त ने दिए निर्देश

जामताड़ा। जिले के आकांक्षी प्रखंड फतेहपुर और करमाटांड़ में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने की। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, जल-जीवन मिशन, ग्रामीण विकास और कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत तय किए गए सभी इंडिकेटरों में वांछित प्रगति लाना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों के लिए सूक्ष्म योजना तैयार कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए। इसके साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रत्येक माह योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक नियमित रूप से करने को कहा गया ताकि योजनाओं के कार्यान्वयन में किसी तरह की ढिलाई न हो। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. आनंद मोहन सोरेन, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संतोष कुमार, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, कार्यपालक अभियंता समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में गोड्डा की बालिका टीम उपविजेता

गोड्डा । दुमका के दुधानी मैदान में आयोजित 64वीं सुब्रतो मुखर्जी कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रमंडल स्तरीय मुकाबलों में अंडर-17 बालिका वर्ग की उपविजेता टीम एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय तसरिया, गोड्डा रही। गोड्डा टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत शानदार अंदाज में की जहां पहले लीग मैच में जामताड़ा को 6-0 के बड़े अंतर से हराया, वहीं दूसरे मैच में साहिबगंज को 3-0 से पराजित किया। सेमीफाइनल में पाकुड़ को 2-0 से हराकर टीम ने फाइनल में प्रवेश किया।फाइनल मुकाबले में गोड्डा और मेजबान दुमका की टीमें आमने-सामने थीं। रोमांचक मुकाबले में दुमका ने 1- 0 से जीत दर्ज कर चैंपियनशिप अपने नाम की। समापन समारोह में झारखंड शिक्षा परियोजना दुमका के फील्ड ऑफिसर सूरज कुमार एवं एपीओ विभाष चंद्र महतो ने संयुक्त रूप से विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। गोड्डा टीम की उपविजेता बनने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार, एडीपीओ अनूप केरकेट्टा और एपीओ अजय कुमार ने टीम को शुभकामनाएं और बधाई दी है। पूरी प्रतियोगिता के दौरान गोड्डा की टीम के साथ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संजय सोरेन, नीरज कुमार, नीरज कुमार सिंह, अनंत कुमार यादव, मंगल सरदार और स्नेहलता पूर्ति लगातार मौजूद रहे।

लिंक लाइन की बिजली तार हुई चोरी

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ संतोष कुमार के द्वारा आवेदन में लिखा गया है कि बीते रात नाला-- कुंडहित लिंक लाइन की 10 पोल का तार अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई है। सूचना मिलते ही बिजली विभाग के एसडीओ संतोष कुमार सहित अन्य पदाधिकारी कुलडंगाल स्थित राख गांव के समीप पहुंचे। जहां से बिजली की तार काटी गई थी। इधर सूचना मिलते ही नाला थाना प्रभारी के निर्देश पर नाला थाना के सहायक पुलिस अवरनिरीक्षक संजय गहलोत सशस्त्र बल के साथ पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया ।

नसबंदी ऑपरेशन में नया रिकॉर्ड, डॉ. दुर्गेश झा ने फिर बढ़ाया जामताड़ा का मान

जामताड़ा। जिले के चिकित्सा जगत से एक बार फिर गर्व की खबर आई है। 2024-25 सत्र में जामताड़ा जिले के नाला, कुंडहित, नारायणपुर और सदर अस्पताल में कुल मिलाकर 1000 से अधिक सफल नसबंदी ऑपरेशन किए गए हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम देने वाले जिले के अनुभवी सर्जन डॉ. दुर्गेश झा ने अपनी टीम के साथ मिलकर परिवार नियोजन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। डॉ. झा पिछले पांच सालों से लगातार 'सर्वश्रेष्ठ सर्जन' के खिताब से सम्मानित होते आ रहे हैं और इस बार भी राज्य स्तर पर शीर्ष तीन सर्जनों में उनका नाम शामिल किया गया है। यह न केवल जामताड़ा बल्कि पूरे संताल परगना के लिए गौरव की बात है। इस सफलता के पीछे चिकित्सा टीम के साथ-साथ नर्सों, स्वास्थ्य कर्मियों और प्रशासन की मेहनत भी शामिल है। ग्रामीण इलाकों में लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए गए, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला। स्वास्थ्य विभाग ने डॉ. दुर्गेश झा और उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां दूसरे जिलों को भी प्रेरित करेंगी। आने वाले समय में परिवार नियोजन से जुड़े अन्य उपायों को भी बढ़ावा देने की योजना है।

विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार नियोजन शिविर का हुआ शुभारंभ

महगामा । विश्व जनसंख्या दिवस पर शुक्रवार को असर्पताल परिसर मे परिवार नियोजन शिविर कैंप का शुभारंभ प्रखंड विकास पर अधिकारी सोनाराम हांसदा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर खालीद अंजुम, प्रखंड प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक देवेंद्र कुमार पंडित द्वारा विधिवत रूप से फिता काटकर किया गया। इसके अलावा शिविर में आए हुए नव दंपति, योग दंपति एवं परिवार नियोजन की विधि को अपनाने वाले दंपति को पुरस्कृत किया गया । डॉ खालिद अंजुम बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में जनसंख्या स्थिरता अभियान 2025 का आयोजन जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में दिनांक 1 से 31 जुलाई तक किया जाना है। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस का थीम है÷ विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शाम उपरोक्त थीम का प्रचार प्रचार निर्देशानुसार प्रारंभिक चरण के समय से किया जाना है। विश्व जनसंख्या दिवस के तहत निम्नलिखित दिशा निर्देश अंकित किए जाते हैंअभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में कार्य योजना तैयार कर विभिन्न कर्मियों यथा मेल हेल्थ वर्कर ,एमपीडब्ल्यू, एएनएम, जी एन एम एवं साहिया को पुरुष नसबंदी एवं महिला बंध्याकरण हेतु लक्ष्य दिया जाए। इसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग की आंगनवाड़ी सेविका, लाइवलीहुड मिशन की सखी मंडल तथा पंचायती राज का सहयोग प्राप्त करेंगे ।ग्राम ग्राम स्तर पर प्रत्येक साहिया द्वारा सास बहू पट्टी सम्मेलन का आयोजन किया जाना है ताकि अधिक से अधिक लाभार्थि वर्ग को तैयार किया जा सके। मौक पर पटेल राम, सफदर अली, राजीव कुमार, मुकेश कुमार, पीयूष प्रभाकर, कनकलता सोरेन, नवल कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

हिंदुत्व से हटकर नैतिकता की राजनीति, भाजपा ने बदला बंगाल जीतने का मंत्र

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर उबाल पर है। इस बार तापमान बढ़ाने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है, जिसने अपनी परंपरागत रणनीति से हटकर एक नई सियासी जमीन तैयार करने की कोशिश की है। अब भाजपा बंगाल में हिंदुत्व या राष्ट्रवाद की बजाय 'सांस्कृतिक पतन', 'महिला सुरक्षा' और 'शिक्षा व्यवस्था की गिरावट' जैसे मुद्दों को केंद्र में लाकर ममता बनर्जी की सरकार को घेरने का प्रयास कर रही है। यह केवल एक चुनावी बदलाव नहीं है, बल्कि भाजपा की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जो उसे बंगाल की सत्ता के केंद्र तक पहुंचाने की दीर्घकालिक योजना को दर्शाती है। इसके लिए पार्टी ने संगठन में भी व्यापक फेरबदल किए हैं और एक ऐसे नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है जो बंगाली अस्मिता और सामाजिक चेतना की नब्ज को बेहतर तरीके से समझता है। समिक भट्टाचार्य की ताजपोशी सिर्फ एक पद की नियुक्ति नहीं बल्कि एक राजनीतिक संकेत है भाजपा अब बंगाल को दिल्ली की नजरों से नहीं, बल्कि कोलकाता की चेतना से देखेगी।यह बदलाव ऐसे समय में किया गया है जब पार्टी को पिछले चुनावों में बंगाल में अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने भारी संसाधन झोंकने के बावजूद सत्ता से दूरी बनाए रखी। उस चुनाव में पार्टी ने ममता बनर्जी के खिलाफ जिस आक्रामक हिंदुत्व की रणनीति अपनाई, वह बंगाल की पारंपरिक बहुसांस्कृतिक चेतना से टकरा गई। नतीजा यह रहा कि भाजपा को कई सीटों पर अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। अब पार्टी ने उस गलती से सबक लेते हुए रणनीति में मूलभूत बदलाव किया है। इस बार न तो जय श्री राम के नारे प्राथमिकता में हैं और न ही नागरिकता संशोधन कानून को हवा दी जा रही है। अब भाजपा बंगाल के पतनशील समाज, शिक्षा की विफलता और महिलाओं की असुरक्षा को ममता सरकार की नाकामी के रूप में प्रस्तुत कर रही है।

इस नई रणनीति का सबसे स्पष्ट उदाहरण अमित मालवीय की ओर से जारी किए गए वे वीडियो हैं, जिनमें कथित रूप से तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन से जुड़े नेता कॉलेज परिसरों और यूनियन दफ्तरों का दुरुपयोग करते नजर आ रहे हैं। एक वायरल क्लिप में छात्र नेता को एक छात्रा से सिर की मालिश करवाते हुए दिखाया गया है। हालांकि इन वीडियो की पुष्टि स्वतंत्र रूप से नहीं की जा सकी है, लेकिन भाजपा ने इन्हें राज्य की नैतिक और शैक्षणिक गिरावट के प्रतीक के रूप में प्रचारित किया है। भाजपा का दावा है कि बंगाल जो कभी भारतीय पुनर्जागरण का केंद्र था, आज वहां की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। पार्टी का कहना है कि छात्रों को मजबूरी में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करना पड़ रहा है क्योंकि राज्य में उन्हें न सुरक्षित माहौल मिल रहा है और न ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा।यह भी कोई संयोग नहीं कि भाजपा अब महिला सुरक्षा को लेकर लगातार आक्रामक हो रही है। संदेशखली की घटना को भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा बनाया है, जहां तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता पर कई महिलाओं ने यौन शोषण के आरोप लगाए। इसके अलावा आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की हत्या, कोलकाता लॉ कॉलेज में बलात्कार जैसी घटनाओं को भाजपा लगातार ममता सरकार की नाकामी के रूप में प्रस्तुत कर रही है। भाजपा की फैक्ट फाइंडिंग टीम, जिसकी अगुवाई मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त सत्यपाल सिंह कर रहे हैं, ने लॉ कॉलेज मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया है कि तृणमूल के छात्र संगठन के पास सत्ता का ऐसा संरक्षण है कि वे कॉलेज परिसरों में खुलेआम सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं।

लव अफेयर्स बन रहे हैं नव विवाहित पतियों का काल

मनोज कुमार अग्रवाल

युवतियों के लव अफेयर्स विवाह पूर्व के वर्जित संबंध अब नव विवाहित पतियों के लिए जान का जंजाल बन रहे हैं अब बिहार में इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड जैसा ही मामला सामने आया है। यह मामला औरंगाबाद का है, जहां एक नव विवाहिता पत्नी ने अपने फूफा के साथ मिलकर शादी के 45 दिन बाद पति को मौत के घाट उतरवा दिया। मृतक की पहचान 24 साल के प्रियांशु के तौर पर हुई है। महिला का अपने फूफा के साथ 15 साल से अफेयर चल रहा था। 24 जून की रात को आरोपी महिला पति के साथ नवी नगर रेलवे स्टेशन से घर के लिए निकली थी।

पति की लोकेशन भेज कर भाड़े के हत्यारों को जानकारी दी गई। हत्यारों ने योजना बद्ध तरीके से रास्तें में अज्ञात बदमाशों ने प्रियांशु को गोली मार दी। पुलिस मानकर चल रही थी कि सुपारी देकर हत्या करवाई गई है। पुलिस ने जैसे-जैसे जांच की, शक की सुई मृतक की पत्नी गुंजा सिंह पर टिक गई। पुलिस के सख्ती बरतने पर महिला ने पूरा भेद खोल दिया। गुंजा सिंह का अपने फूफा 52 साल के जीवन सिंह के साथ अफेयर था। दोनों एकसाथ रहना चाह रहे थे, लेकिन पारिवारिक दबाव के चलते गुंजा सिंह ने शादी कर ली।

लेकिन गुंजा अपने प्यार को भुला नहीं पाई और दोनों ने साथ रहने की सोची। दोनों ने अपने रास्ते में बाधा बन रहे प्रियांशु को हटाने की साजिश रची। जीवन सिंह ने प्रियांशु को मारने के लिए झारखंड के गढ़वा जिले के रहने वाले मुकेश शर्मा और जयशंकर चौबे की मदद ली। दोनों हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं। 24 जून को प्रियांशु ने फोन पर पत्नी को लोकेशन की जानकारी दी थी। गुंजा ने अपने फूफा को फोन कर पूरा भेद खोल दिया था।

इसके बाद दोनों बदमाश मौके पर पहुंचे और प्रियांशु को आते ही गोली मार दी। बाद में मामले की जांच के दौरान पुलिस को गुंजा पर शक हुआ। पुलिस ने उसकी कॉल रिकॉर्डिंग निकलवाई और पूछताछ की। महिला ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। बताया जा रहा है कि अभी जीवन सिंह फरार है। एक कॉल डिटेल ने पूरा राज खोल दिया।

औरंगाबाद का यह मामला कहीं न कहीं मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले राजा रघुवंशी मर्डर मामले की याद दिलवाता है। मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग में सोनम रघुवंशी नाम की महिला ने अफेयर के चलते पति का मर्डर करवाया था।

इससे पहले भी कई ऐसे प्रेम प्रसंग के मामले सामने आ चुके है जिसमें शादी के बाद पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी. ऐसे ही मामलों के बारे में आपको बताते हैं जिसकी चर्चा पूरे देश में हुई है .

अभी राजा हत्याकांड का खुलासा हो ही रहा है कि 11जून को उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर में सामने आए ऐसे ही एक और मामले ने सनसनी फैला दी है। यहां एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी और उसका शव फेंक दिया। पुलिस की जांच में पता चला है कि महिला पति को बलरामपुर ले गई और वहां नशीला पदार्थ खिलाकर प्रेमी की मदद से उसे पुल से राप्ती नदी में फेंक दिया था।महिला ने शादी के लगभग 18 साल बाद प्रेमी की चाह में उससे मिलकर पति की हत्या करवा दी। कन्नन से 18 साल पहले संगीता की शादी हुई थी। शादी के बाद कन्नन और संगीता का 12 साल का एक बेटा भी है। इस दौरान संगीता बलरामपुर निवासी अनिल शुक्ला उर्फ विवेक निवासी लक्षणपुर धर्मपुर थाना ललिया से प्रेम भी करती रही।

इसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में भी सामने आया, जहां शादी के 15 दिन बाद ही पति का मर्डर कर दिया गया। औरैया में दिलीप नाम के युवक की शादी के 15 दिन बाद ही हत्या कर दी गई। इस हत्या की साजिश दिलीप की पत्नी प्रगति ने अपने प्रेमी अनुराग के साथ मिलकर रची थी। प्रगति और अनुराग पिछले चार साल से रिलेशन में थे। प्रगति किसी भी हाल में अनुराग को पाना चाहती थी। ऐसे में उसने पति को रास्ते से हटाने के लिए खौफनाक साजिश रच डाली। शादी के 15 दिन बाद 19 मार्च को दिलीप को गोली मारी गई, जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में प्रगति और अनुराग को गिरफ्तार कर लिया।

मेरठ का सौरभ हत्याकांड काफी सुर्खियों में रहा था। 3 मार्च की रात मुस्कान ने अपने बॉयफ्रेंड साहिल के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या कर दी थी।

उत्तर प्रदेश के मेरठ में सौरभ हत्याकांड सामने आया था, जिसमें सौरभ की पत्नी मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने ही पति को रास्ते से हटा दिया।

ये मर्डर केस इतना खौफनाक था कि सौरभ के शव को कई टुकड़ों में काटा और नीले रंग के ड्रम में भरकर सीमेंट से जमा दिया। पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया और मुस्कान और साहिल को गिरफ्तार कर लिया। मुस्कान गर्भवती भी है। जेल में हुई प्रेग्नेंसी टेस्ट में उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

इसी तरह का मामला देवरिया में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई इसी साल 2025 के अप्रैल के महीने में उत्तर प्रदेश के देवरिया में दिल दहला देने वाली घटना हुई. यहा एक महिला ने अपने प्रेमी की मदद से अपने पति की हत्या कर दी और शव को दो टुकड़ों में काटकर ट्रॉली बैग में भरकर ठिकाने लगाने की कोशिश की. 38 वर्षीय नौशाद अहमद नामक पीड़ित 10 दिन पहले ही दुबई से लौटा था. मईल थाना क्षेत्र के भटौली गांव में उसके घर से करीब 55 किलोमीटर दूर तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक खेत में उसका क्षत-विक्षत शव मिला था।

बलिया में प्रेमी के प्यार में पागल 50 साल की महिला ने अपने पति को मौत के घाट उतार दिया. उसने भी हैवानियत की हदें पार कर दी थीं. महिला ने न सिर्फ अपने की हत्या की बल्कि उसके शव को 6 टुकड़ों में काटा और फिर घाघरा नदी के किनारे फेंक दिया. इसके बाद वो खुद ही पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाने पहुंच गई थी. पुलिस ने छानबीन की तो उसके पति का शव बरामद हुआ. तब जांच के बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया.

मेरठ में अमित कुमार की हत्या उसकी पत्नी रविता ने अपने प्रेमी अमरदीप के साथ मिलकर की थी. हत्या को हादसा दिखाने के लिए रविता ने अमित के शव के पास सांप रख दिया और कहा कि उसकी मौत सांप के काटने से हुई है. लेकिन इसके बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई और सच छिप न सका. जांच में पता चला कि रविता और अमरदीप ने मिलकर अमित की गला घोंटकर हत्या की थी.

ऐसे की एक केस आगरा जिले से आया था, जिसमें 11 मार्च 2025 को महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति का गला घोंटकर हत्या कर दी. सिर्फ इतना ही नहीं इसके बाद वो अपने पति के शव को ऑटो में रखकर 65 किलोमीटर दूर मथुरा जिले में फेंक आई थी. दरअसल महिला का एंबुलेंस ड्राइवर के साथ अफेयर चल रहा था. पति को इस बात की भनक लग गई थी. तभी महिला ने पति को रास्ते से हटाने के लिए यह प्रपंच रचा था.

हाल ही में अप्रैल माह में बिजनौर के फारूक की हत्या कर दी गई. फारूक सऊदी में काम करता था और गांव लौटा था. उसे पता चला कि उसकी पत्नी अमरीन का गांव के मेहरबान से प्रेम प्रसंग है. फारूक ने अमरीन की पिटाई की, जिससे नाराज होकर अमरीन ने मेहरबान के साथ मिलकर उसे मारने की साजिश रची. फिर मेहरबान और उसके साथी उमर ने फारूक को गोली मार दी.

यूपी के मैनपुरी में 17 फरवरी 2025 को साजिद नाम के शख्स की अधजली लाश खेतों से बरामद हुई थी. उसका भी कत्ल किसी और ने नहीं बल्कि साजिद की पत्नी आमना ने अपने प्रेमी सुमित के साथ मिलकर किया था. सुमित के साथ प्रेम प्रसंग की भनक सादिज को लग गई थी. इसीलिए आमना ने साजिद को रास्ते से हटाने का प्लान किया।

जाहिर है कि इस तरह की वारदातों की झड़ी लगी है जिनमें विवाहित महिलाएं एक्स्ट्रा मैरेटियल अफेयर्स यानि अतिरिक्त विवाहेत्तर संबंधो के चलते अपने पति की नृशंसता से जान ले रहीं हैं। दरकते दाम्पत्य और भरोसे के कत्ल से विवाह संस्कार पर संदेह और विश्वास का संकट पैदा होने का खतरा बढ़ गया है। क्या यह एक प्रगति की दोड़ में शामिल समाज के पतन की शुरुआत है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

पाकुड़ की खबरें

बीडीओ ने किसानों के बीच किया मूंगफली बीज का वितरण

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) प्रखंड लिट्टीपाड़ा में कृषि विभाग द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत किसानों की आय में वृद्धि तथा उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी के. सी.दास मुखिया शिव टुडू की उपस्थिति में मूंगफली बीजों का वितरण किया गया।बिरसा फसल विस्तार योजना कार्यक्रम के तहत ग्राम गाद पहाड़ी, कठालपाड़ा और झपरी के 89 चयनित किसानों को च.18112 उन्नत प्रभेद के मूंगफली बीज निःशुल्क उपलब्ध कराए गए।बीज वितरण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने उपस्थित किसानों को अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि विभाग द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत किसानों को अधिक उपज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उन्नत किस्म के मूंगफली बीज का वितरण किया जा रहा है ताकि उन्हें आर्थिक रूप से लाभ मिल सके। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी के.सी.दास और प्रखंड तकनिकी प्रबंधक रामेश्वर मुर्मू ने किसानों को बीजों के उपयोग, बोवाई की विधि तथा उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी भी प्रदान की।

तीन तलाक मामले के अभियुक्त गिरफ्तार

महेशपुर(पाकुड़)थाना क्षेत्र के बिरकिटी गांव निवासी रफीकुल सेख को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रजिया सुल्ताना द्वारा दी गई लिखित शिकायत पर थाना कांड संख्या 110/25 के तहत अभियुक्त रफीकुल सेख बिरकीटी के खिलाफ तीन तलाक की मामले को लेकर मामला दर्ज किया गया था ।जिसके पुलिस लगातार वादी पीड़ित रजिया सुल्ताना कि पति रफीकुल सेख को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही थी ।शुक्रवार को पुलिस उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है और स्वास्थ्य परीक्षण कराकर जेल भेज दिया ।

सफाई अपनाएं और बीमारी भगाएं

पाकुड़। पाकुड़ स्थित मध्य विद्यालय धनुष पूजा स्कूल में ÷सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ ÷ अभियान के तहत बच्चों को साफ सफाई ,घरों के कचरो का निष्पादन , घर के शौचालय की साफ सफाई और स्वयं की साफ सफाई के तहत विशेष रूप से हाथ धोने की पूरी प्रक्रिया और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई उन्हें यह भी बताया गया कि अपने साथ किताबों के अतिरिक्त एक छोटा सा हैंड वॉश के रूप में पेपर शॉप या छोटा हैंड वॉश का ट्यूब अपने बैग में जरूर रखें । विद्यालय में खाने से पहले , शौचालय के इस्तेमाल के बाद अपने हाथों की पूरी तरह से सफाई करें । हाथों की संपूर्ण सफाई से किस तरीके से कीटाणु हमारे शरीर के अंदर जाने से बचाव किया जा सकता है , के बारे में भी उन्हें जानकारी दी गई । साथ ही हाथ साफ नहीं रहने से अन्य तरह के इंफेक्शन से भी हम प्रभावित होते हैं के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रिंसिपल मैडम अन्य शिक्षक गण और नगर परिषद से नगर प्रबंधक ,मृत्युंजय पांडे ,अभियंता शाहिद , संजीत , सफा इंस्पेक्टर विवेक, सफाई सुपरवाइजर संजय योगेंद्र और अन्य कर्मिंगन मौजूद रहे ।

आमजनों की समस्या से रूबरू हुए डीसी,त्वरित निष्पादन का लोगों को दिया भरोसा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर प्रत्येक सप्ताह आयोजित जनता दरबार आयोजित कर लोगो के समस्याओं से अवगत हो रहे है। इस अभियान के तहत शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन कर लोगो से अवगत हुए। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का

समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान जमीन से संबंधित, सेविका-सहायिका से संबंधित, आपदा से संबंधित, आपूर्ति विभाग से संबंधित, रोजगार आदि से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक

जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

दो दिवसीय बैचवार बीएलओ का राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

महेशपुर (पाकुड़)प्रखंड सभागार में शुक्रवार को आसन्न विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (स्ढ्क्र) के संदर्भ में दो दिवसीय बैचवार बीएलओ का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी बीएलओ मौजूद थे।वही मास्टर ट्रेनर के रूप में सुजीत कुमार मंडल, कनिष्ठ अभियंता, महेशपुर प्रखंड को नामित किया गया ।बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 6 महेशपुर (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी बीएलओ के प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के अपने पहले बैच को उनकी भूमिकाओं और जम्मिदारियों से परिचित कराने के लिए प्रशिक्षण दिया ।चुनावी कानूनों के तहत, मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित रूप से अद्यतन करने के लिए बीएलओ को आवश्यक फ़ॉर्म भरने होंगे।मतदाता सूचियों के सही अद्यतनीकरण सहित स्थानीय चुनावी मुद्दों के समाधान के लिए अपने-अपने स्तर पर सर्वदलीय बैठकें आयोजित करें। उन्होंने आगाह किया कि किसी भी ईआरओ या बीएलओ के खिलाफ किसी भी शिकायत का सख्ती से निपटारा किया जाएगा और बीएलओ को घर-घर जाकर सत्यापन के दौरान शिष्टाचार बनाए रखने की सलाह दी।इस मौके कर एलआर डीआईसीआई,बीडीओ , सीओ, बीपीआरओ,समेत अन्य मौजूद थे ।

धरती आबा जन भागीदारी अभियान आयोजित

महेशपुर (पाकुड़)प्रखंड के मानिकपुर पंचायत में शुक्रवार को पीएम जनमन एवं धरती आबा जन भागीदारी अभियान का आयोजन किया गया । इस अभियान में उपस्थित बीडीओ डॉश सिद्धार्थ शंकर यादव को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं लोगों ने फूलों की बौछार से जोरदार स्वागत किया द्य बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने आयोजित कार्यक्रम को द्वीप जलाकर उद्घघाटन किया द्य इस दौरान बीडीओ ने बताया कि जनजातीय बहुल ग्रामों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है! बीडीओ डॉ.सिद्धार्थ शंकर यादव ने बताया की यह अभियान 1 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक संचालित है और इस अभियान के तहत अधिक जनजातीय बहुल गांवों को आच्छादित किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत या उससे अधिक अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वाले ग्रामों को लिया गया है।इसका लक्ष्य जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।इस अभियान के तहत इन गांवों में विभिन्न शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में नये आधार कार्ड एवं आधार कार्ड अपडेट, ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत (पीएमजेएवाइ) कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, पोषण अभियान, टीबी मुक्त भारत, मुद्रा योजना, वन धन योजना, पीएम किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा जब कार्ड आदि के लाभ से लाभान्वित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सभी विकास योजनाओं से जनजातीय समुदाय को जोड़ते हुए उनको इसके प्रति जागरूक करना है।इस मौके पर मुखिया फूलबाबू कोड़ा, पंचायत समिति ,पंचायत सचिव ,रोजगार सेवक ,वार्ड सदस्य समेत कई विभाग के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे ।

कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी के साथ कराएः डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़ॅ उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन हेतु जिलास्तरीय नामांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिए गए कि कक्षा-6 सत्र 2025- 2026 में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराए जाएं। नामांकन प्रक्रिया में अनाथ एकल अभिभावक, नक्सल प्रभावित क्षेत्र, आदिम जनजाति, दिव्यांग और अनामांकित बालिकाएं को नामांकन हेतु विशेष जरूरतमंद बालिकाओं को प्राथमिकता दिए जाएं। साथ ही नामांकन हेतु प्राप्त सूची का एक बार पुनः समीक्षा करते हुए आपत्ति प्राप्त के अंतिम सूची दिनांक 17 जुलाई 2025 तक जिला कार्यालय को उपलब्ध करायें ताकि 20 जुलाई 2025 को अंतिम रूप से अनुमोदन दिया जा सके। मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री अनीता पुरती, एडीपीओ पीयूष कुमार, एपीओ रघुवर तिवारी सहित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन सहित शिक्षा विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

नए सिविल सर्जन सुरेंद्र कुमार ने किया पदभार ग्रहण

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। पाकुड़ सदर अस्पताल के सिविल सर्जन मंटू कुमार टेब्रीवाल ने वर्तमान नव पदस्थापित सिविल सर्जन डॉक्टर सुरेंद्र कुमार मिश्रा को अपना पद भार सौंप दिया है। मंटू कुमार टेब्रीवाल एसीएमओ दुमका बनाए गए हैं। चिकित्सकों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका सम्मान किया पदभार ग्रहण करने के बाद नव पद स्थापित सिविल सर्जन सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की सदर अस्पताल में आने वाले रोगियों को सरल सुलभ इलाज उनकी प्राथमिकता होगी। किसी भी रोगी को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जाएगा। साफ सफाई स्वच्छता और समय पाबंदी उनकी प्राथमिकताओं में एक है।मौके पर सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर मनीष कुमार, डॉक्टर के के सिन्हा, डॉ अमित कुमार, डॉक्टर खलीड अहमद, डॉक्टर एस के झा, डॉक्टर गुफरान आलम, राज किशोर प्रसाद एवं ऑफिस के कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

कलश यात्रा के साथ राम कथा प्रारंभ

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़ 7 श्री श्री 108 पूजा समिति श्यामनगर कृष्णापुरी कॉलोनी पाकुड़ की ओर से हरिणडगा उच्च विद्यालय के मैदान में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। श्यामनगर स्थित दुर्गा मंदिर से आरंभ हुई कलश यात्रा गांधी चौक, तांतीपाड़ा, राजापाड़ा, काली मंदिर, कालीभषाण मार्ग होते हुए कथा स्थल तक पहुंची । इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि 11 जुलाई से 19 जुलाई तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से 8 बजे तक भगवान श्रीराम की लीलाओं की संगीतमय कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन अयोध्या से पहुंचे प्रसिद्ध कथावाचक पारसमनी जी महाराज पाकुड़ पहुंच चुके हैं। आयोजन का समापन 20 जुलाई को होगी।

तालाब किनारे मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता

हिरणपुर (पाकुड़) थाना क्षेत्र के तुरसाडीह गांव के मुख्य सड़क के निकट केनल किनारे शुक्रवार को सुबह एक युवक की शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। वही युवक की पहचान गांव के ही अर्जुन यादव के पुत्र रूपेश यादव (18) के रूप में की गई। वही लेकर मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। इस घटना की सूचनाउपरान्त घटनास्थल पर थाना के एएसआई साधन कर्मकार, हरेकृष्ण यादव व पुलिसबल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया । जिसे पोस्टमार्टम के लिए सोनाजोरी स्थित सदर अस्पताल भेज दिया गया। सुबह

जब गांव की कुछ महिलाये धान की रोपनी करने खेत जा रही थी ,उस वक्त महिलाओं ने एक शव को पोखरा के निकट पड़े देखा । जो गांव के ही रूपेश यादव था। धान रोपनी में आए महिलाओ ने तुरन्त इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी ।वही पुलिस को भी ग्रामीणों ने सूचना दिया । मृतक के गले मे गमछा बंधा हुआ था ।मिली जानकारी के अनुसार मृतक हाईवा गाड़ी में उपचालक का कार्य कर रहा था। जो घर मे आया हुआ था। उधर इस घटना को लेकर मृतक के परिवार वाले हत्या की अंदेशा जता रहा है। पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी से जांच किया व स्वजन सहित ग्रामीणों से भी पूछताछ किया गया । इस घटना को लेकर मृतक के परिवार वालो का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ था। समाचार लिखे जाने तक मृतक के स्वजन थाना में लिखित आवेदन नही दिया था। परन्तु पुलिस ने मृतक के सम्बंध पर दो आरोपी को गिरफ्तार किया है,आरोपी में दोनो पति पत्नी है। विशेष सूत्र से बताया जाता है कि मृतक का ओर आरोपी महिला के साथ प्रेम प्रसंग था। जिससे आरोपी की पति ने यह घटना का अंजाम दिया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि तुरसाडीह गांव के नहर निकट स्थित तालाब के पास युवक की शव मिली है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेजा गया। मृतक के परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताया है। इसको लेकर दो दम्पति को गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ कर रही है। के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

विद्यालय बस चालकों व कर्मियों को अब केवल 8 घंटे कराना होगा कार्य

परिवहन उपक्रमों में बालश्रम पर पूरी तरह रोक, श्रम विभाग की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देश

संवाददाता

देवघर। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर शुक्रवार को श्रम अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार साह की अध्यक्षता में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक कार्यालय कक्ष में बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेशानंद झा, आशीर्वाद बस के नियोजक आनंद प्रकाश, जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों व ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के आलोक में

मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम, 1961 के तहत परिवहन उपक्रमों में कार्यरत चालकों, खलासी व अन्य कर्मियों से अधिकतम 8 घंटे कार्य लिए जाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर सभी बस मालिकों व ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से लिखित रूप में अंडरटेकिंग ली गई कि वे अपने कर्मियों से 8 घंटे से अधिक कार्य नहीं कराएंगे। साथ ही न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अनुसार, सरकार द्वारा तय मजदूरी दर पर कर्मियों को भुगतान करने और हर माह की 7 तारीख तक उनका वेतन सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। श्रम अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि मजदूरी का भुगतान केवल चेक या बैंक खाते के माध्यम से किया जाए। बैठक में उपस्थित सभी बस मालिकों, विद्यालय प्रतिनिधियों व ट्रांसपोर्ट संचालकों को मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम के तहत निबंधन कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी सख्ती से कहा गया कि किसी भी स्थिति में बाल श्रमिक अथवा अल्पवयस्क को कार्य पर न रखा जाए। यह बैठक श्रावणी मेला 2025 को ध्यान में रखते हुए श्रमिकों की सुरक्षा, अधिकार और समयबद्ध कार्य की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रही।

श्रावणी मेला में शांति और श्रद्धा हेतु मांस बिक्री पर रोक

9 अगस्त तक देवघर शहरी क्षेत्र में लागू रहेगा प्रतिबंध

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के मद्देनज़र डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने जानकारी दी है कि देश-विदेश से आने वाले लाखों कांवरिये बाबा बैद्यनाथधाम में पूजा-अर्चना के लिए सात्विकता और पवित्रता के साथ शामिल होते हैं। ये श्रद्धालु श्रावण माह में केवल सात्विक भोजन को ही ग्रहण करते हैं और देवघर पहुंचकर धार्मिक परंपराओं का पालन करते हैं। श्रावणी मेला की सांस्कृतिक गरिमा, धार्मिक आस्था और परंपराओं को ध्यान में रखते हुए यह पाया गया है कि देवघर नगर क्षेत्र और कांवरिया पथ में मांस, मछली, मुर्गा और अंडा आदि के खुले रूप में विक्रय से श्रद्धालुओं की भावना को ठेस पहुंच सकती है। इससे शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था भंग होने की संभावना भी बनी रहती है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी-सह-अनुमंडल दंडाधिकारी, देवघर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 11 जुलाई 2025 से 9 अगस्त 2025 तक देवघर शहरी क्षेत्र समेत संपूर्ण कांवरिया मार्ग पर मांस, मछली, मुर्गा एवं अंडा आदि की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन की ओर से सभी दुकानदारों, होटल संचालकों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें और आदेश का पालन सुनिश्चित करें, ताकि मेला शांतिपूर्ण एवं गरिमामयी रूप से संपन्न हो सके।

भक्तों की सेवा में समर्पित राजद, श्रावणी मेले में कांवरियों को मिलेगी निःशुल्क सहायता

संवाददाता

देवघर। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले 2025 का शुभारंभ देवघर में भव्यता के साथ हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल द्वारा आयोजित 31वें निःशुल्क सेवा शिविर का उद्घाटन देवघर विधायक सुरेश पासवान और राजद जिला अध्यक्ष फणी भूषण यादव ने संयुक्त रूप से किया। श्रावणी मेले में हर वर्ष बिहार के सुल्तानगंज से जल लेकर आने वाले लाखों कांवरियों की भीड़ उमड़ती है। इन्हीं कांवरियों की सेवा के उद्देश्य से लगाए गए राजद सेवा शिविर में पेयजल, नींबू पानी, प्राथमिक उपचार और आवश्यक सहायता की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और नेता

प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की प्रेरणा से यह सेवा शिविर लगाया गया है। राजद हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा में आगे रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन मांझी, अरविंद सिंह यादव, नगर अध्यक्ष पिंटू यादव, मुखिया रामकृष्ण पासवान, मीडिया प्रभारी प्रमोद यादव, मुरली देवी, विनोद यादव, मनोरंजन यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश यादव, दिलीप यादव, हैदर खान, शाहिद खान, बबीता पटेल, अर्जुन यादव, हरि यादव, जमीर अंसारी, जयंत पटेल, श्रीकांत यादव, सुनील यादव, पप्पू खान, प्रमोद यादव सुमन, देव प्रकाश महया, दिवाकर महाथा, नवीन देव यादव, प्रकाश यादव, पार्वती देवी, रूपेश सिंह, नेहा सिंह, अरविंद सिंह, रामलखन यादव, राजेंद्र राम, डमरू यादव, मुरारी यादव, गोवर्धन रवानी, शिवनारायण रामानी, दिलीप पासवान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जमीन विवाद में मारपीट, तीन घायल

देवघर। रिखिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पैसारदह गांव में पुराने जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जितेंद्र यादव, राजेश यादव और पप्पू यादव को इलाज हेतु देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवादित जमीन से जुड़ा मामला न्यायालय में विचाराधीन है, बावजूद इसके गांव के कुछ लोगों द्वारा जबरन खेत में बीज बोने का प्रयास किया गया। इसका विरोध करने पर लाठी, डंडा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया, जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना रिखिया थाना को दे दी गई है।पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है और दोषियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है।

जमीन विवाद में खूनी झड़प, तीन घायल

देवघर। रिखिया थाना क्षेत्र के पैसारदह गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। घायलों की पहचान जितेंद्र यादव, राजेश यादव और पप्पू यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार विवादित जमीन से जुड़ा मामला वर्षों से कोर्ट में लंबित है, इसके बावजूद गांव के कुछ लोग जबरन उस भूमि पर बीज बोने का प्रयास कर रहे थे। विरोध करने पर लाठी, डंडा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया, जिससे तीनों लोग लहूलुहान हो गए। घटना की सूचना रिखिया थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मौके की स्थिति का जायजा लेकर मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

विश्व जनसंख्या दिवस पर निकली प्रभात फेरी

देवघर। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ जुगल किशोर चौधरी ने सदर अस्पताल परिसर में परिवार नियोजन स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन किया और जागरूकता फैलाने के लिए सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सुबह एसीएमओ डॉ पी के शर्मा के नेतृत्व में परिवार नियोजन पर आधारित प्रभात फेरी निकाली गई, जो पुराने सदर अस्पताल परिसर से प्रारंभ हुई। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ पी के शर्मा, डॉ संचयन, बीवीडी पदाधिकारी डॉ अभय यादव, डॉ मनीष कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समरेश कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण सिंह, पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि प्रशांत सिंह, एसटीटी, बीटीटी तथा शहरी सहिया की सक्रिय उपस्थिति रही। सिविल सर्जन ने इस अवसर पर कहा कि परिवार नियोजन की जानकारी और सेवाएं सभी जरूरतमंदों तक पहुँचना अत्यंत आवश्यक है।

श्रावणी मेले में बढ़ती भीड़ को देखते हुए भागलपुर-रांची विशेष ट्रेन का परिचालन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। श्रावणी मेले में कांवरियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पूर्व रेलवे द्वारा भागलपुर और रांची के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष ट्रेन मेला अवधि के दौरान यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और उन्हें बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। 08610 रांची-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन हर शनिवार और सोमवार को रांची से रात्रि 11 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 1 बजे भागलपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 12 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक कुल 10 फेरे लगाएगी। इस दौरान ट्रेन का ठहराव पूर्व रेलवे क्षेत्र में अबहैपुर, जमालपुर और सुल्तानगंज स्टेशनों पर होगा। इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी और स्लीपर श्रेणी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। 08609 भागलपुर-रांची श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन हर रविवार और मंगलवार को दोपहर 1:50 बजे भागलपुर से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 5:45 बजे रांची पहुंचेगी। यह ट्रेन भी 13 जुलाई से 12 अगस्त 2025 तक कुल 10 फेरों के लिए चलेगी। इसके मार्ग में पूर्व रेलवे के तहत बरहट, बांका, देवघर और जसीडीह स्टेशनों पर ठहराव होगा। इसमें भी सामान्य और स्लीपर श्रेणियों की सुविधाएं दी जाएंगी। 08609 भागलपुर-रांची विशेष ट्रेन की बुकिंग पीआरएस काउंटरों एवं इंटरनेट माध्यम से की जा सकती है। रेलवे ने पूर्व में बुधवार को चलने वाली 08610 रांची-भागलपुर विशेष ट्रेन तथा गुरुवार को चलने वाली 08609 भागलपुर-रांची विशेष ट्रेन के परिचालन को रद्द करने की सूचना भी दी है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे निर्धारित समयानुसार यात्रा की योजना बनाएं और अव्यवस्था से बचने के लिए अग्रिम आरक्षण कराएं।

अब 20 डिब्बों के साथ दौड़ेगी हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। यात्रियों की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने हावड़ा-पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस में डिब्बों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब यह अर्ध-तेज गति वाली अत्याधुनिक ट्रेन 11 जुलाई 2025 से 16 की जगह 20 डिब्बों के साथ संचालित की जाएगी, जिससे अधिक यात्रियों को यात्रा का अवसर मिल सकेगा और सुविधा भी बढ़ेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें देश भर में अपनी तेज गति, समयबद्ध संचालन और आरामदायक सुविधाओं के लिए जानी जाती हैं। हावड़ा-पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22347/22348) की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। इस ट्रेन का उद्घाटन 24 सितंबर 2023 को भव्य समारोह में किया गया था तथा इसका व्यावसायिक परिचालन 26 सितंबर 2023 से आरंभ हुआ। तब से अब तक इस मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह ट्रेन सुविधाओं और विश्वसनीयता का नया प्रतीक बन चुकी है। इस ट्रेन में 25 आधुनिक सुविधाओं की एक विशेष श्रृंखला है, जो यात्रियों के समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाती हैं। यात्रियों को बेहतर सेवा देने और भीड़ को कम करने के उद्देश्य से रेलवे द्वारा डिब्बों की संख्या में यह वृद्धि की गई है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वंदे भारत एक्सप्रेस की समयबद्धता और गुणवत्ता पर शीर्ष स्तर से निगरानी की जा रही है ताकि प्रत्येक यात्री को उच्च स्तरीय सेवा उपलब्ध कराई जा सके और यात्रा सुरक्षित, तेज़ तथा आरामदायक बनी रहे।

हावड़ा और पटना के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह विस्तार न सिर्फ अधिक सीटों की सुविधा देगा, बल्कि देश की सबसे लोकप्रिय रेल सेवाओं में से एक को और सशक्त बनाएगा।

किसानों को सत्संग आश्रम ने सौंपे आधुनिक सीड ड्रिल मशीन

देवघर संताल एक्सप्रेस । आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने और किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से सत्संग आश्रम देवघर की ओर से एक बड़ी पहल की गई है। पूज्यपाद आचार्यदेव के मार्गदर्शन में देवघर के किसानों को चार उन्नत सीड ड्रिल मशीन प्रदान किए गए हैं। इन मशीनों को कृषि विज्ञान केन्द्र, देवघर ने विधिवत रूप से स्वीकार किया। इस मौके पर सत्संग आश्रम की ओर से डा. स्वपन कुमार विश्वास, डॉ.कृति कुमार मंडल और ब्रजसुन्दर साहू उपस्थित रहे, वहीं कृषि विज्ञान केन्द्र से डॉ.राजन कुमार ओझा और रंजीत कुमार सिंह मौजूद थे। ड्रिल मशीन की मदद से धान, गेहूं, मक्का, बाजरा, सोयाबीन, मूंगफली आदि फसलों की बुवाई कम समय, श्रम और लागत में की जा सकती है।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर

पुर्नः ई-निविदा आमंत्रण सूचना

पुर्नः ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/DEOGHAR/12/RE/2025-26 (2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र० एवं ग्रुप सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	देवघर जिला के सारठ प्रखंड अन्तर्गत पंचायत– आसनबनी के सहरजोरी शिव मंदिर के सामने सांस्कृतिक मंच एवं दो कमरा निर्माण।	1547380.00	31000.00	5000.00	3 (तीन) माह
2	देवघर जिला के सारठ प्रखंड अन्तर्गत पंचायत– आसनबनी के आसनबनी बंगाली टोला में सभा भवन के सामने दो कमरा एवं सांस्कृतिक मंच निर्माण।	1547380.00	31000.00	5000.00	3 (तीन) माह
3	देवघर जिला के सारठ प्रखंड अन्तर्गत पंचायत– डिण्डाकोली के डिण्डाकोली सभा भवन के सामने चाहरदिवारी एवं पी0 सी0 सी0 फलोरिंग निर्माण कार्य एवं नापित टोला में एक कमरा निर्माण।	2279480.00	45600.00	5000.00	3 (तीन) माह
4	देवघर जिला के सारठ प्रखंड अन्तर्गत पंचायत– डिण्डकोली के डिण्डाकोली में मनषा मंदिर से स्कुल होते हुए बालदेव महतो घर तक आर0 सी0 सी0 नाला निर्माण ढक्कन सहित 1000 फीट।	1949100.00	39000.00	5000.00	3 (तीन) माह
5	देवघर जिला के पालोजोरी प्रखंड अन्तर्गत पंचायत– पहरूडीह के असहना में ओपेन शेड निर्माणं।	1843223.00	36900.00	5000.00	3 (तीन) माह
6	देवघर जिला के पालोजोरी प्रखंड अन्तर्गत पंचायत– बरजोरी के केन्दजोरीया में गोलघर निर्माण 15X15 फीट, कमरा निर्माण 15X10 फीट एवं हॉल निर्माण 25X15 फीट।	1534900.00	30700.00	5000.00	3 (तीन) माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– दिनांक 18.07.2025 से दिनांक 28.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, देवघर
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 30.07.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7280967608 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर

PR 357101 Deoghar (25-26)_D

प्रपत्र VI "क"

गोड्डा समाहरणालय
(विशेष भू अर्जन शाखा देवघर, जल संसाधन विभाग)
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

प्रारंभिक अधिसूचना

संख्या.....226...../ देवघर, दिनांकः– 01.07.2025

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, गोड्डा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम– मानपुर, थाना– गोड्डा, थाना नं0– 330, अंचल– गोड्डा, जिला– गोड्डा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा सैदापुर वीयर योजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ नियम 2 (1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम– मानपुर, थाना– गोड्डा, थाना नं0– 330, अंचल– गोड्डा, जिला– गोड्डा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 2.09 एकड़ यानि 0.84 हेक्टेयर मापक माप का भू खण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है.:–

क्रम सं0	खाता संख्या	सर्वे भू खण्ड संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	उत्तर	दक्षिण	पूरब	पश्चिम
01	1	76	रैयती	धानी तीन	0.21	विनोद कुमार वो सुबोध कुमार मंडल वो प्रवीन कुमार वो मनमोहन कुमार पिता गोविन्द मंडल वो अरविन्द कुमार पिता पूरण मंडल वो बुद्धिनाथ मंडल पिता नारायण मंडल वो सदानन्द मंडल पिता हलधर मंडल कोम तेली सा0 देह।	11	79	77	75
		72	रैयती	धानी तीन	0.04		11	70	74	71
02	5	74	रैयती	धानी दो	0.09	जगदीश मंडल वो गंगा मंडल वो त्रवेणी मंडल पिता किनाराम मंडल वो खुदी राम मंडल वो बालमुकंद मंडल वो शंकर मंडल वो अरूण मंडल पिता जयराम मंडल कौम तेली सा0 देह।	72	80	79	72
03	19	10	रैयती	बाड़ी दो	0.34	मुकुन्द झा वो सदानन्द झा पिता नेनालाल झा वो अचमीत झा पिता रामलोचन झा वो सुधिर चन्द्र झा वो अनंत प्रसाद झा वो कौसलेश प्रसाद झा वो मिथिलेश कुमार झा पिता मनोरंजन झा कौम ब्राहमण सा0 रेडी।	09	76	77	11
		11	रैयती	धानी तीन	0.33		08	71	10	12
04	20	8	रैयती	धानी दो	0.38	राधाकान्त पाठक माता मो0 तीतावती वो मो0 भूषणवती पिता धीरा झा वो पिताम्बर पाठक वो सच्चिदा पाठक वो अभय पाठक पिता लक्ष्मीकान्त पाठक वो अनिता देवी पति संजय पाठक वो अशोक कुमार पाठक वो सुबोध कुमार पाठक वो विनोद कुमार पिता उदय कान्त पाठक वो स्नेहलता पाठक पति मनोज कुमार पाठक वो चकधर झा वो जलधर झा वो संसाधर झा माता मो0 जानकी वो जगन्नाथ प्रसाद झा वो सीताराम झा पिता मानधर झा कौम ब्राहमण सा0 सैदापुर।	सीमान	11	09	12
		9	रैयती	बाड़ी दो	0.09		सीमान	10	77	08
05	23	80	रैयती	धानी दो	0.55	दामोदर मंडल पिता अन्तु मंडल वो कला देवी पति कुनकुन मंडल कौम तेली सा0 परासी	74	सीमान	79	74
		79	रैयती	धानी दो	0.06		76	80	81	80

यह अधिसूचना भू अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा 11 (1) के उपबन्धों के अधीन सभी सम्बन्धित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण विशेष भू अर्जन पदाधिकारी, मध्यम सिंचाई परियोजना, देवघर के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता – सह – समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबन्धित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु विशेष भू अर्जन पदाधिकारी, मध्यम सिंचाई परियोजना, देवघर और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अन्तरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबन्धित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू अर्जन के बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा विशेष भू अर्जन पदाधिकारी, मध्यम सिंचाई परियोजना, देवघर के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

विशेष भू अर्जन पदाधिकारी, मध्यम सिंचाई परियोजना, देवघर। | अपर उपायुक्त, गोड्डा। | उपायुक्त, गोड्डा।

PR 357078 Land Reforms(25-26)D

GOVERNMENT OF JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, GODDA

e-Procurement Notice
Short Term E-Tender Notice Reference no. 10 / DWSD/GOD/ 2025-26 (3rd Call), Date:- 11.07.2025

1	Name of the Department	Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi.
2	Name of the Advertiser	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation, Division, Godda
3	Date of publication of Tender on Web site	17.07.2025 / 5.00 P.M
4	Last date /Time for receipt of Bid	23.07.2025 / 5.00 PM
6	Date of opening of Tender	24.07.2025 / 5.00 PM
7	Name & address of office inviting tender	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Godda, Jharkhand
8	Contact no of Procurement office	6206342859

Sl. No	Particulars	Group No.	Estimated Cost (In Rs.)	Earnest money (In Rs.)	Cost of BOQ(In Rs.)	Time of Completion (In Days)
1	Construction of 200/ 165 mm X 250 Mtr deep bore well HYDT by Hydraulic DTH Rig Machine with provision of 200mm dia MS Casing pipe , Supply & Installation of 7.5 HP Electric motor/ Solar Submersible complete set & Rising pipe required for Sundarpahari rural Water Supply Scheme under DWSD Godda for the year 2025-26 Under DMFT Head	GDD/ DWSD /G-01	3082260.00	62000.00	5000.00	30 Days

नोटः–केवल ई निविदा ही स्वीकार किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट hhttp://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
•निविदा में प्राक्कालित राशि एवं परिमाण घट–बढ सकती है। स्वीकृति आदेश के अन्तर्गत अनुमोदित राशि एवं परिमाण को ही मान्य समझा जायेगा।
•उपरोक्त वर्णित समय अवधि के अंदर कार्य करना अनिवार्य होगा।

SAVE WATER FOR COMING GENERATIONS

(Sanjay Kumar Sharma)
Executive Engineer
D.W. & .S Division, Godda

PR 357050 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D

प्रपत्र–VIA

झारखण्ड सरकार, समाहरणालय, दुमका
(भू-अर्जन शाखा) या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 धारा 11 (1) के अधीन)

संख्या :– 188 दिनांक :– 26/06/2025

चूँकि समाहर्त्ता, दुमका को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–देतियारपुर, थाना– मसलिया, थाना संख्या–27, अंचल–मसलिया, जिला–दुमका मे सार्वजनिक प्रयोजन, यथा मसलिया–रानेश्वर मेगालिफ्ट सिंचाई योजना के लिए भूमि अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता प्रशासक के रुप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–देतियारपुर, थाना– मसलिया, थाना संख्या–27, अंचल–मसलिया, के भीतर उपर्युक्त परियोजना के लिए भूमिका एक टुकड़ा अपेक्षित है, जो मानक माप से कमोबेश–0.09 एकड़ बराबर 0.036 हेक्टर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है:–

क्र० सं०	भू–अर्जन नं0	खाता संख्या	सर्वे प्लाट संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (ए०)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता	सीमा (भू–खण्ड संख्या) उ०	द०	पू०	प०
1	1	27	3643	रैयती	बाड़ी दोयम	0.05	बाबुसर मुर्मू, पिता–स्व0 मयन मुर्मू, कालीचरण मुर्मू, पिता–स्व0 लाल मुर्मू, कलम मुर्मू, सुनील मुर्मू, पिता–स्व0 जोगेन्द्र मुर्मू, अकिल मुर्मू, लेंगड़ा मुर्मू, गंगाधर मुर्मू, पिता–चुड़का मुर्मू, भूदेव मुर्मू, पिता–स्व0 ईसान मुर्मू, समीर मुर्मू, पिता–स्व0 बाबुधन मुर्मू	3642	3644	3637	3644
2	2	54	3644	रैयती	बाड़ी दोयम	0.04	सागेन मुर्मू, सुनुलाल मुर्मू, चुनका मुर्मू, पिता–गोवर्धन मुर्मू, बाबुसिंह मुर्मू, पिता–मेलेन्दो मुर्मू, लोबोनी सोरेन, पति–स्व0 सुतु मुर्मू, गोनो मुर्मू, पिता–स्व0 बाले मुर्मू	3645	नदी	3648	3644

यह अधिसूचना भू–अर्जन,पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11(1) के उपबन्धों के अधिन उन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है, जिसका इससे संबंध हो/भूमि की योजना/नक्शा का निरीक्षण विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, मध्यम सिचाई परियोजना, दुमका के कार्यालय मे किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन हेतु विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी और उसके कर्मचारी को प्राधिकृत करते है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अन्तरण यथा क्रय विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अर्तरण नहीं करवायेगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम का धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति के द्वारा विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, मध्यम सिंचाई परियोजना, दुमका के समक्ष दर्ज की जा सकेगी तथा अनावाद झारखण्ड सरकार की भूमि एवं वन विभाग की भूमि को अर्जनाधीन रकवा से मुक्त रखा गया है।

ह0/–
उपायुक्त, दुमका

PR 357031 Land Reforms (25-26)_D

परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन

संवाददाता

साहिबगंज-विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर साहिबगंज सदर अस्पताल परिसर में परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया. मेला का उद्घाटन जिला डीसी हेमंत सती एवं एसपी अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया.डीसी,एसपी,

सीएस व अन्य मंचासीन अतिथियों ने परिवार नियोजन अपनाकर दो बच्चों तक सीमित रहने वाले लाभार्थियों को पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया. साथ ही परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट सेवा देने वाले चिकित्सा पदाधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ एवं फ्रंटलाइन वर्करों को सम्मानित किया.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी हेमंत सती

ने कहा कि जितना छोटा परिवार होगा उतना सुखी परिवार होगा. बच्चों को पहले उच्च शिक्षा दे. शिक्षित करने के बाद ही विवाह कराए. गर्भ निरोध के आसान ओर सुरक्षित उपाय अपनाएं. वही सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान ने कहा कि जनहित में कार्य करे. सरकार का जनभागीदारी कार्यक्रम चल रहा है. अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाए. दवा और इलाज के अभाव में कोई भी मरीज का मौत होगा तो उस क्षेत्र का प्रभारी नपेंगे. सभी सहिया 50-50 लोगो को लेकर आए.परिवार स्वास्थ्य मेला में मिला लक्ष्य को शत फीसद करे. वही परिवार नियोजन में बेहतर करने वाले डॉक्टर, एएनएम, सहिया को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया.इस दौरान डॉ. किरण माला को विगत वित्तीय वर्ष में सबसे अधिक 1008 लाभार्थियों का बंध्याकरण सफलतापूर्वक कराने हेतु विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया. जो उनके प्रतिबद्धता और समर्पण का परिचायक है.मौके पर सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, निवर्तमान सीएस डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया,जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी

डॉ किरण माला, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ सलखु चंद्र हांसदा, डॉ पूनम कुमारी, डॉ श्रीजा कृष्णा,डा अनिता सिंहा,सदर सीएचसी प्रभारी डॉ महमूद आलम,मुनीजी पांडे ,संजय राम सहित

मोबाइल व पैसे के विवाद में युवक पर चाकू व रड से हमला, युवक घायल

साहिबगंज- जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के झरना कॉलोनी के रहने वाले एक युवक पर पड़ोस के ही युवकों के द्वारा मोबाइल व पैसे लेन-देन मामले को लेकर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है. झरना कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय ओम कुमार ने आरोप लगाते हुए बताया कि गुरुवार की रात बिजली चली जाने से घर अंधेरा हो गया था और मुझे गर्मी लग रहा था. तो अपने दादाजी के साथ लगभग एक बजे स्टेडियम चले गए थे. और स्टेडियम से घर आ रहे थे. रास्ते में एक मोबाइल मिला मोबाइल को मै घर लेकर आ गया. मैंने सोचा जिसका भी होगा वह खुद कॉल करेगा. मैं उसे दे दूंगा. लेकिन शुक्रवार के रात में ही हमारे मोहल्ले के कुछ युवक आए और बोले मोबाइल लिए हो मैंने बोला हां मोबाइल हमारे पास है तो मैंने उसे मोबाइल दे दिया. तो वे लोगो मुझसे कहने लगा कि मोबाइल के साथ पांच से दस हजार रुपया भी है और कुछ कागजात भी है वह भी तुम लिए हो मुझे दे दो इस पर मैंने कहा कि मैं कुछ नहीं लिया हूं .सिर्फ मोबाइल छोड़कर इसी बात पर युवकों ने लाठी, डंडा, चाकू से मेरे उपर हमला किया. जिससे मैं गंभीर हो गया. शुक्रवार के सुबह जब मैं घर से निकला तो टुन्नी यादव,अजय यादव,गोलू मंडल ने रॉड से मार कर मुझे घायल कर दिया. बरहाल घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल में डॉ पिंकू चौधरी के देखरेख में किया गया. इधर घायल युवक ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

सीएस बने डॉ रामदेव, किया पदभार ग्रहण

साहिबगंज-अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी यह बातें 42 वें सिविल सर्जन के तौर पर पदभार ग्रहण करने के बाद सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान ने ने कही. उन्होंने कहा कि मै पूर्व में भी एक वर्ष साहिबगंज में सेवा दिया हूं.कायाकल्प के बाद अब उनका लक्ष्य ज़िला में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित कर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का प्रमाण पत्र हासिल करना है. वहीं पूर्व की तरह स्वास्थ्य सेवा को ज़िले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा. सदर अस्पताल में सिटी स्कैन की सुविधा लोगों को उपलब्ध करना मेरा सपना है. जिसे इस बार पूरा करने का पूरा प्रयास करेंगे. सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा योजना, नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव में तेजी लाई जाएगी. आकांक्षी ज़िला के तहत सभी पैरामीटर पर फोकस रहेगा. कहा कि विभाग में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जनता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे. ज़िले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा रेफरल व सदर अस्पताल की व्यवस्था सुदृढ़ बनाएंगे.और लोगो को सरल व बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराएंगे.बताते चले कि इसके पूर्व 39 वें सीएस के तौर पर डॉ रामदेव पासवान ने 1 अगस्त 2022 से 1 अगस्त 2023 तक अपनी सेवा दी थी. उन्होंने अपने समर्पण व लगान की बदौलत महज एक साल के कार्यकाल में ज़िला की स्वास्थ्य व्यवस्था को फर्श से उठा कर अर्श तक पहुंचाया था. जिसके नतीजे में पहली बार सदर अस्पताल को दो कैटेगरी में कायाकल्प अवार्ड मिला था. इस दौरान आदिम जनजाति पहाड़िया समाज के प्रतिनिधि हीरा पहाड़िया ने नये सीएस डॉ रामदेव पासवान का स्वागत करते हुए पहाड़ों पर अवस्थित दो उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति से अवगत कराया.और आदिम जनजाति गांवों में स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने की मांग की. डॉ रामदेव पासवान ने हीरा पहाड़िया का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की. वहीं उन्हें अपना मोबाइल नंबर हीरा पहाड़िया को दिया. सीएस ने कहा कि आदिम जनजाति के स्वास्थ्य के लिए सरकार की बहुत सारी योजनाएं हैं.

बाइक दुर्घटना में बच्ची सहित दो घायल

साहिबगंज-जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोर्ट रोड में सड़क दुर्घटना में बच्ची व एक युवक घायल हो गया. दोनों घायल को गुरुवार की रात सदर अस्पताल लाया गया.अस्पताल में चिकित्सक डॉ मुकेश कुमार के द्वारा दोनो का इलाज किया गया.बताया जा रहा है कि विकास भवन के समीप रहने वाले सौरभ डेढ़ वर्ष की बच्ची को बाइक में आगे बैठकर सौरभ दुबे घूम रहा था. उसी दौरान कोर्ट रोड में बाइक अनियंत्रित हो गया. जिसमें दोनों घायल हो गए बरहाल दोनों घायल का इलाज डॉक्टर की देखरेख में किया गया.

हाइवा के चक्का से मजदूर घायल

साहिबगंज-जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के पहाड़ के सटे सोन गंगा क्रेशर प्लांट के मजदूर घायल हो गया. घायल मजदूर को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया.अस्पताल में चिकित्सक डॉ पिंकू चौधरी ने घायल मजदूर का प्राथमिक इलाज करने बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया . सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पहाड़ के सटे सोन गंगा क्रेशर प्लांट मे हजारीबाग के मजदूर 28 वर्षीय मनोज साह क्रेशर प्लांट में खाना बनाने काम करता है. खाना का टिफिन देने के लिए वह जा रहा था. इसी दौरान हाइवा मजदूर मनोज शाह के बाएं पैर में चढ़ गया. जिसमें मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल मजदूर को क्रेशर प्लांट के कर्मचारियों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया. जहां चिकित्सक ने घायल मजदूर का प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया.इस संबंध में क्रेशर के कर्मचारी ने बताया कि घायल को बेहतर इलाज के लिए भागलपुर भेजा गया है.

पूर्व रेलवे

ठिका खोबोर सं.: ईएल-19-25, माहित 10.07.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नामडाक ठिकादारको जाहनंय ठेन वैद्य विद्युत ठिकादार रेयाक् लाइसेंस मेनाक्आ आर आर लातार रे ओलाकान कामी पुराउ रे काउडी ते दाड़े मेनाक्कोआ, ठेन खोन ई-ठिका नेवतायेत् कानाः **ठिका खोबोर सं.: ईएल-19-25, कामी रेयाक् ञुतुम आर नोआ रेयाक् जायगाः** आसनसोलः एसएसई/जी/आसनसोल रेयाक् कामीटोठा रे डीआरएम बिल्डिंग आर ट्रैफिक कॉलोनी रे इलेक्ट्रिकल सब-स्टेशन लाटुय आर एमान तेयाक् सोंगे कामी (सारेच् कामी)। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 60,20,422.19, **बायना पायसाः** रु. 1,20,400/-, **ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः** शून्य। 09 माह **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** माहित 04.08.2025 हिलोक् 11.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक्आ।
ASN-119/2025-26

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

सं. ओ-एसी-टी-71-25-26 (खुला), माहित 10.07.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी लागित् ई-ठिकाको नेवतायेत् कानाः **केस सं. ओ-एसी-टी-71-25-26, कामी रेयाक् ञुतुमः** आसनसोल मंडल लागित् पाकुड़/तिलभीटा क्वैरी खोन बीओबीवाईएन किसिम रेयाक् रेलवे वैगनको रे 74901.60 घनमी. मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट रेयाक् बेबोसता, लीडिंग आर लोडिंग लागित् खुला ठिका। **बोली प्रणालीः** दो पैकेट। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 11,19,65,158.73, **बायना पायसाः** रु. 7,09,800/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। **बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 01.08.2025 हिलोक् 12.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक्आ।
ASN-117/2025-26

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

किसानों के बीच बीज का वितरण

मंडरो-मंडरो प्रखंड के मंडरो पुराना पंचायत भवन में बिरसा फसल विस्तार योजना कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा शुक्रवार को फसल विस्तार योजना अंतर्गत बीटीएम कंचन सुमन एटीएम नेहा किस्कू एवं सरिता कुमारी के द्वारा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष डॉ विमल देव भगत और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुबोध सोरेन की उपस्थिति में बच्चा पंचायत के लाभुक ताला बिटी मुर्मू,बसंती मुर्मू,डेविड मरांडी,माँझली किस्कू,प्रमिला मरांडी,गुलाबी मुर्मू,बैजू सोरेन,तालामय हाँसदा,सुनीता सोरेन,पॉमिला टुडू,मरंग कुड़ी टुडू,स्नेह लता मुर्मू सहित 50 किसानों के बीच बादाम, मकई और कलाई के उत्कृष्ट बीजों का वितरण किसानों के बीच किया गया.मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डॉ विमल देव भगत, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुबोध सोरेन सहित कई कृषि मित्र वितरण के समय उपस्थित थे.

शिवगादी धाम में श्रावणी मेला का उद्घाटन

बरहेट/साहिबगंज- शिवगादी धाम में मासव्यापी श्रावणी मेले का उद्घाटन शुक्रवार को साहिबगंज डीसी हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित सिंह एवं झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर मासव्यापी श्रावणी मेला का उद्घाटन किया.इसके पूर्व सभी अतिथियों का भव्य स्वागत मंदिर समिति ने किया. उद्घाटन के बाद अतिथियों ने बाबा गजेश्वर नाथ महादेव का दर्शन और पूजन किया.अतिथियों ने शिवगादी प्रबंध समिति के कार्यालय में बैठकर प्रबंध समिति से मेले की तैयारी व्यवस्था की जानकारी ली. प्रबंध समिति के अध्यक्ष रुपक साह ने प्रकाश, वनवे आवागमन, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी दी.जिस पर डीसी एवं झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने व्यवस्थाओं में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिए.वहीं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा संबंधी जानकारी लेते हुए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इधर प्रवक्ता श्री मिश्रा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गजेश्वर नाथ महादेव के शिवलिंग पर सालों भर सुखाड़ के दिनों में भी पहाड़ से जल टपकता रहता है. जो काफी अद्भुत है. और इसको लेकर झारखंड के अलावा बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा पश्चिम बंगाल, सहित अन्य प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं. उन्होंने कहा कि जिला में हवाई अड्डा बनने जा रहा है. यहां रोपवे बनेगा, गंगा नदी पर पुल लगभग बन ही गया है. तो आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं की शिवगादी धाम का विकास और कितना होगा? उन्होंने कहा की 4 साल और इंतजार कीजिए फिर देखिएगा.मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेम्ब्रम,बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, सुकांतो वर्धन सहित दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे.

नवनिर्मित एसपी कार्यालय का डीसी,एसपी व पंकज मिश्रा ने किया उद्घाटन

साहिबगंज - साहिबगंज जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाईन परिसर में नवनिर्मित पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को डीसी हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह एवं केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता झामुमो पंकज मिश्रा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया.मौके पर डीसी हेमंत सती ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह कार्यालय पुलिस प्रशासन के कामकाज को और अधिक सुगम, पारदर्शी और प्रभावशाली बनाएगा. उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और सेवा में यह नया भवन मील का पत्थर साबित होगा.पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने कहा कि नए कार्यालय भवन से पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य करने का वातावरण मिलेगा. जिससे कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में अधिक कुशलता आएगी. उन्होंने भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना की और इसके सफल निर्माण के लिए सभी संबंधित विभागों को धन्यवाद दिया.केंद्रीय झामुमो सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार जनता की सुरक्षा और प्रशासनिक मजबूती को लेकर निरंतर प्रयासरत है. यह भवन उसी का एक उदाहरण है.मौके पर पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे.

परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन

बरहेट- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 दिवसीय परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया. आयोजित स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अंशु कुमार पांडे ने दीप प्रज्वलित कर किया. मेला का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना व इसके साथ ही छोटा परिवार के लिए किन-किन उपायों को अपनाया जा सकता है इससे संबंधित जानकारी दिया जाना है.इतना ही नहीं परिवार नियोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध सेवाओं को निशुल्क तौर पर जरूरतमंदों को दिया जाएगा.उद्घाटन के मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चौधरी चंद्रशेखर प्रसाद चंद ,बीपीएम प्रिय रंजन सिंह, बैम चंदन कुमार, सीडीएम विजय भगत, मीना हांसदा, विकास कुमार, बीटीटी केदार नाथ के अलावे सहियाआ व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.

कांग्रेस महासचिव ने डीडीसी को आवेदन देकर सड़क मरम्मत करने की मांग की

उधवा- राजमहल प्रखंड के कांग्रेस महासचिव सिपरन अख्तर ने मंगलवार को साहिबगंज डीडीसी सतीश चन्द्र को आवेदन देकर जर्जर सड़क मरम्मत करने की मांग किया है.उन्होंने आवेदन पत्र में बताया है कि पूर्वी जामनगर पंचायत के बैरबन्ना गांव से पश्चिम नारायणपुर पंचायत के खासटोला एवं कर्बला तक सड़क जर्जर अवस्था में है. सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं. बरसात के मौसम पर उक्त सड़क पर पानी और कीचड़ से भर जाता है.जिससे राहगीरों को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. उक्त सड़क पर आये दिन दुघर्टना की संभावना बनी रहती है. सडक पर वाहन तो जाना दूर पैदल भी चलना मुश्किल हो जाता है.साथ ही बताया कि स्कूल जाने आने वाले छोटे-छोटे बच्चों को और भी परेशानी उठानी पड़ती है. कांग्रेस नेता ने उक्त सड़क को अविलंब मरम्मत करने की मांग किया है.

नये सीएस का झामुमो व नगरवासियों ने किया स्वागत

साहिबगंज -साहिबगंज जिला मुख्यालय के संयुक्त स्वास्थ्य केंद्र में नये सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान के पदभार ग्रहण करने के बाद झामुमो नगर कमेटी के नगर अध्यक्ष आदित्य यादव के नेतृत्व में नगर सचिव नमन अंसारी, विकास यादव, तारीख अनवर, आकाश चौधरी, आलोक ओझा, गोपाल मंडल, अभिषेक कुमार, मोहम्मद जमालुद्दीन, शाहिद अंसारी, वारिस अनवर ने बुके देकर स्वागत किया.वही अम्बेडकर समाज के शंभू के द्वारा भी नये सीएस डॉ रामदेव पासवान को बुके,बाबा भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया.वही पहाड़िया समाज के समाजसेवी हीरा पहाड़िया ने भी सीएस से मिलकर उनका स्वागत व पहाड़िया गांव में स्वास्थ्य व्यवस्था मे सुधार करने की बात कही.

नेशनल बूथ लेवल ट्रेनिंग में बीएलओ को दी गई जानकारी



साहिबगंज -भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नेशनल बूथ लेवल ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत् शुक्रवार को 01-राजमहल विधानसभा क्षेत्र के तहत राजमहल प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 113 से 160 तक के बूथ लेवल ऑफिसर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

यह कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय राजमहल के सभा कक्ष में आयोजित हुआ. जिसका उद्घाटन सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मो यूसुफ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया.प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगठित और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु को आवश्यक तकनीकी एवं प्रक्रियागत जानकारी प्रदान करना था.प्रशिक्षण में बीएलओ को मतदाता सूची का पुनरीक्षण,नामांकन में सुधार की प्रक्रिया,मतदाता सूची में स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटि रहित सुधार,मृत/दोहराव मतदाताओं की पहचान,दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं, ई-ईपिक डाउनलोड की प्रक्रिया,निर्वाचन से संबंधित तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई.इस अवसर पर प्रशिक्षण टीम द्वारा बीएलओ की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया एवं उन्हें आगामी कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.प्रशिक्षक के रूप में मास्टर ट्रेनर गगन बापू एवं कंप्यूटर ऑपरेटर विजय

नेशनल बूथ लेवल प्रशिक्षण आयोजित

साहिबगंज - भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नेशनल बूथ लेवल ट्रेनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को 02-बोरियो (अनु0ज0जा0) विधानसभा क्षेत्र के तहत बोआरीजोर प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 247 से 297 तक के बूथ लेवल ऑफिसर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम प्रखण्ड कार्यालय बोआरीजोर के सभा कक्ष में आयोजित हुआ. जिसका उद्घाटन सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी - सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बोआरीजोर मिथिलेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया.प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगठित और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु बीएलओ को आवश्यक तकनीकी एवं प्रक्रियागत जानकारी प्रदान करना है. प्रशिक्षण में बीएलओ को मतदाता सूची का पुनरीक्षण,नामांकन में सुधार की प्रक्रिया,मतदाता सूची में स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटि रहित सुधार,मृत/दोहराव मतदाताओं की पहचान,दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं,ई-ईपिक डाउनलोड प्रक्रिया सहित निर्वाचन से संबंधित तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई. प्रशिक्षण टीम द्वारा बीएलओ की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया एवं उन्हें आगामी कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.प्रशिक्षक के रूप में मास्टर ट्रेनर धीरेंद्र कुमार एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उज्जवल कुमार साह उपस्थित थे.

एसपी ने की अपराध नियंत्रण गोष्ठी

साहिबगंज-नगर के पुलिस लाइन स्थित नये पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी एसपी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई.अपराध गोष्ठी में एसपी ने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए अपराध नियंत्रण संबंधी टिप्स दिए.उन्होने कहा कि श्रावण मास में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखें. अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की ज़रूरत हैं .किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें. एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को अपराधियों की लिस्ट बना कर उन्हें गिरफ्तार करने, नशा उत्पादों पर रोक लगाने, बाइक की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने, रात्रि गश्ती पर विशेष फ़ोकस करने, गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने, चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करने, हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने, लंबित कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने, लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया. साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने, थानों में उनकी समस्या सुनने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने का निर्देश दिया. मौके पर डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, एसडीपीओ किशोर तिर्की, प्रशिक्षु डीएसपी रूपक सिंह, राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल सहित कई इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी मौजूद थे.

मॉडल कॉलेज राजमहल के पुस्तकालय को डीसी ने उपलब्ध कराई पुस्तकें

साहिबगंज-राजमहल मॉडल कॉलेज के पुस्तकालय को एक नई दिशा और समृद्धि प्रदान करते हुए साहिबगंज के डीसी हेमंत सती ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास , प्रतियोगिता परीक्षा हेतु उपयोगी पुस्तकें भेंट की. यह पहल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह की विशेष अनुरोध और प्रयासों का परिणाम है. डीसी ने पुस्तकें प्रदान करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के क्षेत्र में उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में यह कदम बताया.प्राचार्य डॉ सिंह ने महाविद्यालय परिवार की ओर से डीसी को पत्र लिखकर उसने प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि पुस्तक जीवन की सच्ची मित्र होती है. इसे पढ़ना और अपनाना हमें सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है. विद्यार्थी जीवन में पुस्तक से बढ़कर कोई साथी नहीं होता.इस सराहनीय प्रयास पर सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका की कुलपति, कुलसचिव ने साहिबगंज डीसी को धन्यवाद दिया और डॉ सिंह के इस प्रयास की प्रशंसा की और इसे विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया.प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह ने जानकारी दी कि पुस्तकालय का विधिवत उद्घाटन शीघ्र ही विश्वविद्यालय की कुलपति,डीसी एवं कुलसचिव की गरिमामयी उपस्थिति में किया जाएगा. यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को पुस्तकालय से अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रेरित करेगा.पुस्तकों के आने से विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखी गई. उन्होंने डीसी साहिबगंज और प्राचार्य का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ये पुस्तकें उनके अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगी। छात्रों का पुस्तकालय कार्ड बनाकर दिया जाएगा. पुस्तक अवलोकन के क्रम में प्राचार्य के साथ पुस्तकालय प्रभारी डॉ अमित कुमार अन्य शिक्षक डॉ रमजान अली, डॉ विवेक कुमार महतो दंडाधिकारी भैया बेसरा, कर्मी मोहन कुमार, जयकर , पुस्तक सहायक सुमित कुमार , बबलू हेम्ब्रम छात्र राहुल वैभव , श्रृष्टि , दीप्ति उपस्थित थे.

बरहरवा के अंधार कोठा में 200 एवं फरीदपुर 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगा

बरहरवा- बरहरवा प्रखंड के अंधार कोठा और फरीदपुर में तनवीर आलम के प्रयास से नया बिजली का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया.जानकारी के अनुसार प्रखंड के अंधार कोठा आलिया मदरसा के सामने 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर जल चुका था. जिसके जगह पर नया उच्च क्षमता वाले 200 केवीए ट्रांसफॉर्मर लगा गया. वहीं फरीदपुर में भी 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है. ग्रामीणों ने इस त्वरित कार्रवाई पर तनवीर आलम का आभार जताया.यह कार्यवाही ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के बाद शुरू हुई थी. जिसमें पुराने ट्रांसफॉर्मर की खराबी की शिकायत की गई थी. तनवीर आलम ने संज्ञान लेते हुए तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए.लगातार बिजली समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब नियमित और स्थिर बिजली आपूर्ति की उम्मीद है. बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कामकाज अब सामान्य ढर्रे पर लौट सकेंगे.

फाइलेरिया कीट का वितरण

मंडरो-प्रखंड के मिर्जाचौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को फाइलेरिया हाथी पांव वाले 13 मरीजों के बीच फाइलेरिया कीट का वितरण किया गया. स्वास्थ्य कर्मचारी ने मरीजों को बताया कि टब में पैर को रखकर पानी से धोना है.फिर साफ तौलिया से पैर की पानी को सुखाना है एवं उपलब्ध कराये गये साबुन से धोना है. वही तब जाकर एंटीसेप्टिक क्रीम को लगाना है एवं समय पर उपलब्ध दवा का सेवन करना है.मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्मियों के अलावे सहिया सिम्पी देवी सरस्वती देवी,मीरा देवी एवं मरीजों में दुलारी देवी,अशोक कुमार वर्मा,शीला देवी,मीरा देवी संजो देवी,चतुर हेम्ब्रम सहित कई अन्य उपस्थित थे.

सड़क दुर्घटना में दंपति घायल,

साहिबगंज-जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोर्ट रोड में शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में दंपति घायल हो गए. घायल दंपति को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया.अस्पताल में चिकित्सक डॉ मुकेश कुमार ने घायल दंपति का इलाज किया. बताया जा रहा है कि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जेएनराय रोड निवासी दिलीप गोस्वामी 52 वर्ष अपनी पत्नी जुम्पा देवी उम्र 42 वर्ष को बाइक में बैठाकर कोर्ट जा रहे थे.उसी दौरान सकरोगढ़ में सामने से फोर व्हीलर आ रहा था. उससे बचने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया. जिसमें दंपति घायल हो गया.दोनों घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया

पूर्व रेलवे

